● वर्ष 05 ● अंक 525 ● पृष्ठ 6 ● मूल्य : 2 रुपये ● देवघर, बुधवार 10 सितम्बर, 2025

www.republicnationnews.com.in E-mail : republicnationdesk@gmail.com

REPUBLIC NATION

हिन्दी समाचार-पत्र

# रिपब्लिक नेशन

सच्चाई की जड़ तक पहुंचता आपका अपना मत

A Unit of AB MASS MEDIA PVT. LTD.

● संपादक : अनिता कुमारी ● प्रधान संपादक : वरुण कुमार ☎ +91 7004248229

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान विधानसभा ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक को पारित किया

**जयपुर/भाषा।** राजस्थान विधानसभा ने धर्मांतरण विरोधी (राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025) मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के माध्यम से धोखे, छल कपट, प्रलोभन आदि से धर्मांतरण को निषेध किया गया है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि यह विधेयक राज्य में समरसता को बनाए रखने और सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति हमेशा से उदार रही है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है, लेकिन इसमें धोखे, प्रलोभन, भय और छल कपट से धर्म परिवर्तन करवाने का कहीं भी समर्थन नहीं किया गया है। मंत्री विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे।

### पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में कम से कम 60 लोग मारे गए

**गोमा, नौ सितंबर (एपी)** पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध विद्रोही समूह ने रात में हमला कर कम से कम 60 लोगों की हत्या कर दी। यहां एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तरी किवु के एनटोयो में कब्रिस्तान पर शव को दफनाने के दौरान कुछ लोग एकत्र हुए थे और तब ही एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) ने कथित तौर पर हमला कर दिया गया। एनटोयो यहां लुबेरो क्षेत्र में स्थित है और यहां के स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा, एडीएफ के हमले में लगभग 60 लोगों की मौत हुई है, लेकिन अंतिम संख्या आज शाम को बताई जाएगी, क्योंकि क्षेत्र ने उन लोगों की गिनती शुरू करने के लिए कर्मियों की तैनाती की है, जिनका सिर कलम कर दिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** श्रीनगर में दो साल से अधिक समय से फरार एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है, जो 'नार्को-टेरर मॉड्यूल' से जुड़ा था। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य अन्वेषण एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा का निवासी, गिरफ्तार आरोपी अब्दुल रशीद भट 2022 के इस मामले में दो साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था और उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि भट इस मामले में गिरफ्तार होने वाला तीसरा आरोपी है। प्रवक्ता ने बताया कि भट की गिरफ्तारी लश्कर-ए-तैयबा द्वारा संचालित और पाकिस्तान स्थित आकाओं द्वारा समर्थित 'नार्को-टेरर मॉड्यूल' के लिए एक बड़ा झटका है।

## सविचार

'' ''ज़िन्दगी में तकलीफ कितनी भी हो कभी हताश मत होना क्योंकि धूप कितनी भी तेज़ क्यों न हो समंदर कभी सुखा नहीं होता !!''

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

81,425.15323.83 (0.40%)

**निफ्टी**

24,973.10 104.50 (0.42%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | तृतीया | 15:37 तक |
| नक्षत्र | रेवती | 05:39 तक |
| प्रथम करण | विष्टि | 15:37 तक |
| द्वितीय करण | बावा | 26:11 तक |
| पक्ष | कृष्ण | |
| वार | बुधवार | |
| योग | वृद्धि | 20:27 तक |
| सूर्योदय | 06:04 | |
| सूर्यास्त | 18:24 | |
| चंद्रमा | मीन | |
| राहुकाल | 12:14 - 13:46 | |
| विक्रमी संवत | 2082 | |
| शक संवत | 1947 | विश्वावसु |
| मास | भाद्रपद | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | कोई नहीं |

# भारत को लेकर धीरे-धीरे बदल रहे ट्रंप के सुर, पीएम मोदी को सबसे अच्छा दोस्त बताकर दी खुश करने वाली खबर



**नई दिल्ली।**

भारत को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुर अब धीरे-धीरे बदल रहे हैं। दरअसल ट्रंप ने पीएम मोदी को सबसे अच्छा दोस्त बताकर एक गुड न्यूज दी है।

तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ट्रंप ने घोषणा की है कि उनके प्रशासन ने भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से शुरू कर दी है।

अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत चल रही है।

ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया और कहा कि वह आने वाले हफ्तों में उनसे बात करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों दे-शों को एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

ट्रंप का यह नवीनतम बयान अमेरिका की ओर से हाल ही में आई नरमी के बाद आया है। इससे पहले शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने कहा कि मैं हमेशा प्रधानमंत्री मोदी का दोस्त रहूंगा। ट्रंप ने इस दौरान पीएम मोदी को 'महान प्रधानमंत्री' तक कह दिया। ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। उनकी टिप्पणी के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं की सराहना करते हैं और उनका पूरा सम्मान करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक आकलन की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूरा सम्मान करता हूं। भारत और अमेरिका के बीच एक बहुत ही सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

सोमवार को अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने अमेरिका की राजनीतिक मामलों की उप-विदेश मंत्री एलिसन हुकर से भी मुलाकात की।

राजदूत क्वात्रा ने मंगलवार को एक्स पर बैठक की एक तस्वीर पोस्ट की और कहा कि एलिसन हुकर के साथ उनकी सार्थक चर्चा हुई।

बता दें कि 27 अगस्त को ट्रंप ने अमेरिका में भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। तब से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत को उत्सुक; ट्रंप की बातचीत की इच्छा पर पीएम मोदी का जवाब



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नरम पड़ते तेवर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा बयान सामने आया है। पीएम मोदी ने ट्रंप की बातचीत की पेशकश का जवाब देते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंध हैं और वे भी ट्रंप से बातचीत को उत्सुक हैं।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ताएं भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। हमारी टीमें इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत के लिए भी उत्सुक हूं। हम दोनों देशों के लोगों के लिए एक उज्जवल और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

इससे पहले ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। मैं आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र, प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों महान देशों को एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी

## जमीन पर मजबूती ही जीत की कुंजी रहेगी : सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी



**नई दिल्ली/भाषा।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को किसी भी युद्धक्षेत्र में थल सेना की प्रधानता पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत के संदर्भ में जमीन पर मजबूत पकड़ जीत की कुंजी रहेगी। यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने किसी भी युद्ध में थल सेना के महत्व पर ज़ोर दिया और पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन संघर्ष पर हुई शिखर वार्ता का ज़िक्र किया।

द्विवेदी ने कहा, जब आप दोनों राष्ट्रपतियों के बीच हुए अलास्का सम्मेलन पर गौर करते हैं, तो उन्होंने सिर्फ इस बात पर चर्चा की थी कि कितनी ज़मीन का आदान-प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा, भारत में, चूंकि हमारे सामने ढाई मोर्चों पर खतरा है, इसलिए जमीन पर मजबूती ही जीत की कुंजी बनी रहेगी। सेना प्रमुख की यह टिप्पणी एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह के उस बयान के दो सप्ताह बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर वायु सेना की शक्ति की ''प्रधानता'' स्थापित कर दी है।

सेना प्रमुख ने युद्ध की बदलती प्रकृति और भारतीय सेना द्वारा नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के संदर्भ में परिवर्तनकारी बदलावों पर भी विस्तार से बात की।

## पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम से हमला

**कीव, नौ सितंबर (एपी)** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को पूर्वी यूक्रेन के एक गांव में पेंशन प्राप्त करने के लिए लाइनों में लगे बुजुर्गों पर रूसी ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन लोग घायल हो गए। जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में बम गिरा। उन्होंने हमले के बारे में कहा, निःसंदेह यह क्रूरता है। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह रूस पर अतिरिक्त आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे आक्रमण के लिए दंडित करें।

## यूपीआई भारत या पड़ोसी देशों तक सीमित नहीं, अब विश्वव्यापी हो चुका : सिंधिया



**ग्वालियर (मध्यप्रदेश), नौ सितंबर (भाषा)** केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत की मोबाइल ऐप आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई केवल भारत और पड़ोसी देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब यह विश्वव्यापी हो चुका है। ग्वालियर-चंबल अंचल के तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे सिंधिया ने दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में यूपीआई और वैश्विक डाक-सेवा संघ (यूपीयू) के समन्वय से चलाई जाने वाली परियोजना का उल्लेख करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूपीयू से दुनिया के 193 देश जुड़े हुए हैं और भारतीय डाक विभाग का यूपीयू से समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, ''यह समझौता डिजीटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को लेकर है। यूपीआई केवल भारत या अन्य पड़ोसी देशों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह अब विश्वव्यापी हो चुका है। यह सब कुछ संभव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ निश्चय के कारण हुआ है।''

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने नेपाल में जारी हिंसा को दुखद करार दिया और कामना की कि वहां जल्द शांति बहाल हो। उन्होंने कहा, ''नेपाल का भारत के साथ गहरा रिश्ता है और सिंधिया परिवार के भी पारिवारिक संबंध हैं।''

## व्यापार वार्ता को लेकर राजनयिकों की टीम अमेरिका के संपर्क में : सीतारमण



**नयी दिल्ली, नौ सितंबर (भाषा)** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर भारी शुल्क लगाए जाने के बीच राजनयिकों की टीम अमेरिका के संपर्क में है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इससे झींगा, कपड़ा, चमड़ा और जूते जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ रहा है। सीतारमण ने एनडीटीवी प्रॉफिट जीएसटी कॉन्क्लेव 2025 में कहा, ''हमारी तरफ से, अगर मैं इस शब्द का इस्तेमाल कर सकती हूं, तो हमने सभी दरवाजे खुले रखे हैं। राजनयिकों की टीम अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है। व्यापार वार्ता अब भी जारी रह सकती है। इसलिए, हमारी तरफ से, हम दूसरों के लिए कुछ भी मुश्किल नहीं बना रहे हैं।'' भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है। छठे दौर के लिए, अमेरिकी दल पिछले महीने भारत आने वाला था, लेकिन उसने अपनी यात्रा स्थगित कर दी।

## पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर रूसी ग्लाइड बम से हमला

**कीव, नौ सितंबर (एपी)** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को पूर्वी यूक्रेन के एक गांव में पेंशन प्राप्त करने के लिए लाइनों में लगे बुजुर्गों पर रूसी ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन लोग घायल हो गए। जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में बम गिरा। उन्होंने हमले के बारे में कहा, निःसंदेह यह क्रूरता है। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह रूस पर अतिरिक्त आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे आक्रमण के लिए दंडित करें।



### सरकार विरोधी प्रदर्शनों को लेकर

# प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल में राजनीतिक संकट गहराया

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल में सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शनों के दौरान मंगलवार को कई शीर्ष नेताओं के घरों पर हमला किए जाने और प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है।

प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में 19 लोगों की मौत होने के एक दिन बाद, कई शीर्ष नेताओं के घरों, राजनीतिक दलों के मुख्यालयों पर हमला किया गया और यहां तक कि संसद भवन में भी तोड़फोड़ की गई।

छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन में, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के प्रति अकर्मण्यता सहित कई मुद्दों को लेकर ओली सरकार के खिलाफ आम लोगों का बढ़ता आक्रोश झलक रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कर्फ्यू और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती का उल्लंघन करते हुए आगजनी की तथा विभिन्न प्रमुख इमारतों और प्रतिष्ठानों पर धावा बोला।

ओली के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले, प्रदर्शनकारियों ने बालकोट में उनके निजी आवास में आग लगा दी तथा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड, संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के आवासीय परिसरों पर हमला किया। सोशल मीडिया मंचों पर सरकार के प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को शुरू हुए विरोध प्रदर्शन ने मंगलवार को जोर पकड़ लिया तथा प्रदर्शनकारियों ने देश के सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में सरकार विरोधी मार्च निकाले। विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालात तेजी से बिगड़ने पर, नेपाली सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने एक संयुक्त अपील जारी कर संयम बरतने और बातचीत के जरिए संकट का समाधान निकालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, चूंकि राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री (ओली) का इस्तीफा पहले ही स्वीकार कर लिया गया है।

### नेपाल के सेना प्रमुख ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद वार्ता की अपील की

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के इस्तीफे के बावजूद मंगलवार को लगातार दूसरे दिन जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए आगे आने की अपील की। टेलीविजन के जरिये राष्ट्र के नाम संबोधन में जनरल सिगडेल ने कहा, हम प्रदर्शनकारी समूह से अपील करते हैं कि वह विरोध प्रदर्शन रोकें और शांतिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से बातचीत के लिए आगे आएं।

## कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर इजराइली हमला



**दुबई, नौ सितंबर (एपी)** गाजा में संघर्ष विराम के अमेरिकी प्रस्ताव के बीच इजराइल ने मंगलवार को कतर में हमास नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किया। इस हमले के साथ ही हमास के खिलाफ इजराइल का अभियान और व्यापक हो गया।

धमाके के बाद कतर की राजधानी दोहा के क्षितिज पर काला धुआं छा गया। अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की है। ऊर्जा संपन्न कतर अमेरिका का सहयोगी है और हजारों अमेरिकी सैनिकों की मेजबानी करता है। कतर युद्ध से पहले भी कई वर्षों तक इजराइल और हमास के बीच एक प्रमुख मध्यस्थ रहा है।

राजधानी दोहा में धुआं उठते देख कतर ने इसे ''सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का घोर उल्लंघन'' बताते हुए इसकी निंदा की।

यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि इस हमले में कोई हताहत हुआ है या नहीं। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हुए हमले से शुरू हुए युद्ध के बाद से हमास कई बड़े झटके झेल चुका है, इसके बावजूद यह संगठन गाजा में अब भी मौजूद है।

# सांसद डॉ. निशिकांत के प्रयास से उच्च विद्यालय का दर्जा : डॉ. सूनील

- पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशमारा में करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह
- मैट्रिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 143 बच्चों को किया गया सम्मानित




रिपब्लिक नेशन।

**देवघर।** महेशमारा अवस्थित पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन द्वारा करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथ डॉ. सुनील खवाड़े उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर मुख्य अतिथि डॉ. सुनील खवाड़े का अभिवादन किया गया।वरिष्ठ शिक्षिका रागिनी झा द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. सुनील खवाड़े को हरियाली का प्रतीक पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. सुनील खवाड़े ने स्कूल प्रबंधन की मांग स्कूल भवन ऊंचा करने व और खेल मैदान को लेकर आश्वासन दिया गया कि जल्द इस दिशा में पहल होगा। छात्राओं के खेल के लिए राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी प्रशिक्षण देंगी, ताकि यहां से भी बच्चे- बच्चियों को जिला, फिर राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेगा। डॉ. सुनील खवाड़े ने स्कूल को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने वाले गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की भी तारीफ करते हुए कहा कि खासकर छात्राओं की शिक्षा को ध्यान में रख उनके आग्रह पर सांसद के ही प्रयास से तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने महज 15 दिनों के अंदर उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने का काम किया। वहीं बतौर अतिथि अन्य विद्यालयों से पहुंचे शिक्षक डॉ. विजय शंकर, कैलाश झा और अवधेश सिंह को भी पौधा देकर स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय शंकर ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी विद्यालयों से आए शिक्षकों द्वारा महेशमारा स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि आज डॉ. सुनील खवाड़े की बदौलत यहां के बच्चों को पढ़ाई संबंधी किसी प्रकार की कमी नहीं होती है। गरीब, पिछड़े तबके के बच्चों का यहां नामांकन किया जाता है। इसी का परिणाम है कि मैट्रिक में प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त बच्चों की संख्या 143 रही। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### चितरा कोलियरी में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक, दो दिन में समाधान का आश्वासन



**चितरा/रिपब्लिक नेशन।** एस पी माइन्स चितरा कोलियरी के कर्मचारी और श्रमिकों की समस्याओं–जैसे प्रोन्नति, ऑवर टाइम, संडे ड्यूटी और कार्य समय–को लेकर बुधवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता के नेतृत्व में चितरा वर्कशॉप परिसर में संपन्न हुई।बैठक के दौरान पिछले दो महीनों से लगातार प्रबंधन द्वारा संडे ड्यूटी और ओवरटाइम को लेकर कोलियरी अभिकर्ता यू. पी. चौधरी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भोक्ता के बीच श्रमिकों की मौजूदगी में विस्तृत वार्ता हुई। वार्ता के दौरान कोलियरी अभिकर्ता चौधरी ने समस्याओं के समाधान के लिए दो दिन का समय मांगा। इसके बाद बैठक समाप्त की गई।इस अवसर पर यूनियन प्रतिनिधि पशुपति कोल, राजेश राय, श्याम सुंदर तिवारी, कृष्ण सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भादर करम मिलन समारोह में जमकर थिरके दर्शक



**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक सितु -पिलीद में बुधवार को भादर करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन भादर करम मिलन समारोह के अध्यक्ष रंजीत सिंह मुण्डा, वरिष्ठ पत्रकार अरूण माझी, समाजसेवी दीलीप कुमार दास,चंदन कुमार महतो, एलडीएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य लम्बोदर महतो , ग्राम प्रधान राजेन सिंह मुण्डा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ झामुमो नेता विश्वरंजन महतो, समाज सेवी खगेन महतो, नटराज कला केंद्र के सचिव प्रभात कुमार महतो, पूर्व मुखिया पंचानन पातर उपस्थित थे। आदिवासी रिती रिवाज से करम डाली का पूजा अर्चना कर एलडीएम पब्लिक स्कूल के करम दल द्वारा करम नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं विश्वरंजन महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि करम पर्व के उपलक्ष्य में भादो करम मिलन समारोह अच्छा पहल है। हमारी पहचान ही हमारा संस्कृति है। वहीं खगेन महतो ने कहा कि यह समारोह आपसी भाईचारा और प्राकृतिक प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमें संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का आयोजन सराहनीय पहल है। मौके पर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, उप मुखिया हाराधन महतो,श्याम्बो पातर, निमाई महतो , साधुचरण महतो,अंम्विका महतो, सुभाष महतो,बलराम महतो आदि उपस्थित थे।

### बाकरकुड़ी गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से आठ वर्षीय मासूम की मौत



**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के बाकरकुड़ी गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ वर्षीय मासूम सौरभ कालिंदी (पिता मनोहर कालिंदी) की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, सौरभ घर से निकलकर गांव की सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। हादसे के बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से तिरुलडीह पुलिस ने बच्चे को एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
इधर, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना ले आई है। तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बीमा और अन्य सरकारी प्रावधानों के तहत परिजनों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### गांव की महिलाओं को स्वावलंबन की राह दिखा रहा तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**संवाददाता/जामताड़ा /रिपब्लिक नेशन।** नारायणपुर प्रखंड के पबिया आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी लिमिटेड की ओर से बुधवार से तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस प्रशिक्षण में कुल 35 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण देने वालों में लक्ष्मी देवी, बादोली मुर्मू एवं मरियम मरांडी शामिल थीं।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसमें लिंग समानता, जेंडर जागरूकता तथा बीएचओसेक (स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी जानकारी) पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षकों ने महिलाओं को बताया कि जागरूकता और सही जानकारी से वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।सत्र के दौरान महिलाओं को समूह में कार्य करने, आत्मनिर्भरता के अवसर खोजने तथा सहकारी समिति के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। महिलाओं ने प्रशिक्षण के प्रति गहरी रुचि दिखाई और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें नई दिशा और आत्मविश्वास मिलता है।आयोजकों का कहना है कि प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण महिलाओं तक पहुंचेगा और वे अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने में भी सक्षम होंगी। यह पहल महिलाओं को स्वावलंबन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मृतक के परिजनों से मिले समाजसेवी चंदन सिंह, दिया भरोसा



**रिपब्लिक नेशन /चकाई ।** चकाई विधानसभा अंतर्गत रामचंद्रडीह पंचायत के ग्राम हेठचकाई निवासी अनिल मिश्रा जी के माता जी का आकास्मिक निधन हो गई जिसकी सूचना मिलते ही चंदन सिंह फाउंडेशन प्रमुख श्री चंदन सिंह जी पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना की मौके पर फाउंडेशन के सक्रिय कार्यकर्ता अनिल सिंह आशीष शर्मा गौरव शुक्ला मुन्ना जहांगीर राजू राम एवं ग्रामीण सुमित मिश्रा जी मोहन सिंह जी रूपेश मिश्रा जी गणेश मिश्रा जी जयराम उपाध्याय जी ऐतवारी यादव जी विशाल चंद्रवंशी जी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन....

### अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रशिक्षण पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित....




रिपब्लिक नेशन।

जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 08 से 10 सितंबर 2025 तक प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार की उपस्थिति में आज हुआ।
इसके अलावा कार्यशाला के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने तीन दिनों तक चली प्रशिक्षण कार्यशाला के विषयों, प्रशिक्षण की पद्धतियों और प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं के बारे में प्रशिक्षकों से जानकारी ली। आगे उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सशक्त बनाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदि कर्मयोगी अभियान में कर्मयोगियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में 08 सितंबर से शुरू हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रखंडस्तर के मास्टर ट्रेनर्स को सहभागी पद्धति से प्रशिक्षित किया गया है। ऐसे में जिले के सभी 10 प्रखण्डों में 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति बाहुल्य पंचायत अन्तर्गत ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपनी आकांक्षाओ को अभिव्यक्त करने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने के लिये आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। साथ ही इसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया है। वे अपने-अपने प्रखंड में ब्लॉक मार्स्ट्स ट्रेनर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण देकर आदि सहयोगी व आदि साथी चयनित कर उन्हें प्रशिक्षित कर ''आदि कर्मयोगी एक उत्तरदायी शासन प्रणाली कार्यक्रम'' हेतु तैयार करेंगे। इससे जनजाति समुदाय के लोगों को उनके कल्याण की योजनाओं का लाभ देने हेतु सैच्यूरेट किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे।
कार्यशाला के दौरान समग्र विकास, उनके पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और प्रशासन में पारदर्शिता लाने पर गहन विचार-विमर्श हुआ। शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, कृषि, महिला सशक्तिकरण और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों ने समूह बनाकर स्थानीय चुनौतियों का विश्लेषण किया और उनके समाधान के लिए ठोस रूपरेखा तैयार की। अधिकारियों और विशेषज्ञों द्वारा दिए गए प्रेजेंटेशन से ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को योजनाओं की गहरी समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने आदि शपथ ली और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रशिक्षण पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर अभाविप के प्रतिनिधिमंडल प्राचार्य से मिला, चांसलर पोर्टल खोलने की मांग



**संवाददाता/जामताड़ा /रिपब्लिक नेशन।** जामताड़ा महाविद्यालय में सेमेस्टर वन में नामांकन को लेकर छात्रों की ओर से लगातार हो रही परेशानियों को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अइश्ढ) के नगर मंत्री प्रकाश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कॉलेज प्राचार्य प्रो. कौशल से मिला। छात्रों ने चांसलर पोर्टल दोबारा खोलने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। प्रकाश यादव ने बताया कि काफी छात्र पिछले कई दिनों से कॉलेज का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन चांसलर पोर्टल बंद होने के कारण वे नामांकन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कई विषयों में सीटें खाली हैं और पिछले वर्ष की तुलना में इस साल नामांकन की संख्या भी कम रही है। ऐसे में यदि पोर्टल दोबारा खोल दिया जाए, तो सैकड़ों छात्रों का एक वर्ष बर्बाद होने से बच सकता है। छात्रों ने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा का समय नजदीक है और जल्द ही महाविद्यालय अवकाश पर चला जाएगा। इसलिए ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया में विलंब से छात्रों को विशेष परेशानी होगी, खासकर वे जो दूर-दराज़ के इलाकों से आते हैं।इसके साथ ही, प्रकाश यादव ने 2023-27 सत्र के छात्रों को अब तक मार्कशीट और एडमिट कार्ड न मिलने की समस्या भी उठाई।उन्होंने छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक बोनाफाइड प्रमाण पत्र जारी करने और छात्रों को कॉलेज आई-कार्ड वितरित करने की मांग भी की। प्राचार्य प्रो. कौशल कुमार ने छात्रों को आश्वासन दिया कि वे विश्वविद्यालय प्रशासन से बात कर जल्द से जल्द नामांकन प्रक्रिया शुरू कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मौके पर ही आई-कार्ड वितरण और बोनाफाइड प्रमाण पत्र बनाने के आदेश भी संबंधित विभाग को दे दिए। प्रतिनिधिमंडल में अमन कुमार, सोनू कुमार, किशोर यदुवंशी, पप्पू गोस्वामी, शब्बा शेख, शाहिद, श्वेता कुमारी रेशमा कुमारी शाह परवीन निकिता गोस्वामी आलोक किसको सौरव कुमार किशन कुमार प्रिंस कुमार संतोष कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




आज बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा देवघर जिले के करौं प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जरलाही में बच्चों के बीच एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई जिसका निर्देशन संस्था अध्यक्ष बबलू कुमार राणा ने किया संस्था के केंद्रीय सचिव डॉक्टर मनोज कौशिक आचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकारी स्कूलों में चलाया जा रहा है और आगे भी चलता रहेगा बताते चलें कि प्रत्येक प्रखंड में यह कार्यक्रम चल रहा है कार्यक्रम में बच्चों के बीच डाबर कंपनी द्वारा प्रदत्त जूस, ग्लूकोस ,वाटर बोतल, टूथपेस्ट जेस्मिन तेल ,स्केच कलम इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया कार्यक्रम से बच्चों में काफी हर्ष है और वहां के प्रधानाध्यापक साजिद अंसारी ने संस्था से आग्रह किया कि आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करने के लिए आग्रह है ताकि बच्चे नियमित विद्यालय आ सकें और बच्चों का ज्ञानवर्धन हो सके मौके पर संस्था सदस्य प्रवीण कुमार राणा शिक्षक शहाबुद्दीन अंसारी मौजूद थे।

## विभिन्न विभागों से नामित पी आर पर्सन को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर सिखाये गए प्रेस रिलीज बनाने के तरीके...

- अच्छी प्रेस विज्ञप्ति के लिए वाक्य विन्यास पर दें विशेष ध्यान.. सरल भाषा का करें प्रयोगः- प्रशिक्षक सह संपादक कमल किशोर....




रिपब्लिक नेशन।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के विशेष पहल एवं निदेश पर समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों से नामित पी आर पर्सन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल भारती एवं संपादक कमल किशोर द्वारा पीआर पर्सन को आवश्यक जानकारी प्रदान किया।
इसके अलावा आज आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने बताया की मीडिया समाज का दर्पण है तो विभागीय प्रेस रिलीज बिंब। सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों से जानता अवगत हो सके इसके लिए विभागीय क्रियाकलापों को बताने का सबसे बेहतरीन जरिया है मीडिया। अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों का जिससे जिला की छवि बन रहा उसे आम जनता के बीच आना चाहिए। उच्च गुणवत्ता का फोटो एवं छोटा छोटा वीडियो क्लिप भी रिलीज के साथ दें ताकि प्रचार प्रसार में सहूलियत हो सके। सभी पी आर पर्सन का व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया जा रहा है जहाँ पर प्रेस रिलीज एवं फोटो डाला जा सकेगा। अंतिम रूप से जनसम्पर्क विभाग द्वारा रिलीज को जारी किया जायेगा।
श्री भारती ने आज के प्रमुख वक्ता व प्रशिक्षक कमल किशोर संपादक का बुके एवं सॉल देकर सम्मानित किया।
आज प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक कमल किशोर ने पी आर पर्सन को रिलीज की महता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया की खबर लिखने के लिए जिज्ञासा का होना बहुत जरुरी है। प्रेस विज्ञप्ति सरल भाषा में हो ताकि आमजन आसानी से समझ पाए। अच्छी विज्ञप्ति तभी होगी जब भाषा, वाक्य विन्यास, छोटे वाक्य का प्रयोग किया जाय। कोई भी रिलीज का मूल स्वरूप उसका संदेश होता है की क्या कहना चाह रहा। आगे कमल किशोर ने जोर देते हुए कहा की खबरों की निरंतरता बनी रहे इसके लिए अक तकनीकी का प्रयोग करें जिससे रिलीज सरल व सहज़ होगी। समय का भी बचत होगा। कुछ अकएप्लीकेशन भी गूगल प्ले स्टोर से इंस्टाल कर सकते है जो रिलीज को बनाने में सहायक होगी.. जैसे - Gemini, ChatGPT का प्रयोग से कम समयों में बढ़िया प्रेस रिलीज बना सकेगा। श्री किशोर ने बताया की संबंध, संवाद को स्थापित रखते हुए प्रतिष्ठा को ध्यान में रखकर रिलीज तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने 5W +1H (कौन, कब, क्या, कहाँ, क्यों.. कैसे) के आधार पर रिलीज बनाने की सलाह दी।

## संत फ्रांसीस स्कूल देवघर में संचालित 04 बसों का जांच किया गया

- 04 वाहनों पर कुल 44,000 रुपया का जुर्माना लगाया गया



**देवघर/रिपब्लिक नेशन।** जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में विद्यालयों में संचालित बसों का जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संत फ्रांसीस स्कूल, देवघर में संचालित 04 बसों का जांच किया गया, जिसमें बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना इंश्योरेंस, बिना प्रदूषण, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना टैक्स, बिना जालीदार खिड़की, साइड लाइट प्रॉब्लम, डीपर की जांच, बस में फर्स्ट ऐड किट, प्रेशर हॉर्न आदि के मामलों में त्रुटि पाए गए 04 वाहनों पर कुल 44,000 रुपया का जुर्माना लगाया गया एवं राशि जमा करायी गयी।
इसके अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार ने जिले के सभी विद्यालय संचालकों एवं वाहनों के स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वाहन सम्बन्धी जो भी कागजात अपूर्ण हैं, उन कागजातों को समय पर पूर्ण करेंगे एवं मोटर वाहन अधिनियम तथा सड़क सुरक्षा एवं सीबीएसई गाइडलाईन का अनुपालन करते हुए वाहन का परिचालन करेंगे। आगे जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में पुनः जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा एवं जांच के दौरान मोटर वाहन अधिनियम का अनुपालन में कमी पाए जाने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
जांच अभियान में प्रशिक्षु मोटर यान निरीक्षक अमित कुमार झा, प्रथम रजवाड़, सुभाष तिग्गा एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय उपस्थित थे।

## देवघर नगर निगम में कबाड़ी संचालकों के साथ बैठक हुआ आयोजित



रिपब्लिक नेशन।

**देवघर, 10 सितम्बर।** देवघर नगर निगम कार्यालय सभागार में आज NAMASTE योजना के आलोक में कबाड़ी खरीदने वाले संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त सह प्रशासक के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार के द्वारा की गई तथा नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास नोडल पदाधिकारी के रूप में उपस्थित रहे।
नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा वेस्ट स्पीकर का प्रोफाइलिंग करने वाली चयनित एजेंसी M.S.M.E के अधिकारी नीलाद्री मुखर्जी एवं प्रदीप रावत बैठक में उपस्थित थे
इस बैठक में देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल आठ कबाड़ी संचालकों ने भाग लिया।
(कबड्डी संचालन करता है जो उपस्थित थे
रोहित कुमार,मसूदन वर्मा ,कुंदन कुमार, रामानुज पोद्दार, अमित कुमार ,रंजीत पोद्दार)
नगर निगम द्वारा इन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। NAMASTE योजना का मुख्य उद्देश्य कचरा चुनने वाले एवं कबाड़ी कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित जीवन प्रदान करना, उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना तथा उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका की दिशा में सकारात्मक पहल करना है। सहायक नगर आयुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी कबाड़ी संचालकों से संवाद करते हुए कहा कि नगर निगम निरंतर प्रयासरत है कि समाज के सभी वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। इसी कड़ी में कबाड़ी व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि NAMASTE योजना के अंतर्गत संचालकों को स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, बैंकिंग सेवाओं, आयुष्मान भारत योजना, दुर्घटना बीमा तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा।
नगर प्रबंधक ने नोडल पदाधिकारी की हैसियत से योजनाओं का तकनीकी विवरण साझा किया और यह भी बताया कि नगर निगम की टीम समय-समय पर ऐसे संचालकों से संपर्क कर उनका पंजीकरण करेगी। साथ ही दस्तावेजों के सत्यापन एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा।
बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कबाड़ी संचालक अपनी भूमिका सिर्फ आजीविका तक सीमित न रखकर स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भी नगर निगम को सहयोग प्रदान करेंगे। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी और संचालकों को आर्थिक सुरक्षा के साथ सामाजिक सम्मान भी प्राप्त होगा।
इस अवसर पर सभी आठ संचालकों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना की और भरोसा दिलाया कि वे नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय भागीदारी करेंगे।
बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।
देवघर नगर निगम का यह कदम न केवल कचरा बिनने वालों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करेगा, बल्कि शहर के स्वच्छता अभियान को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डिग्री कॉलेज गोमिया में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**गोमिया/रिपब्लिक नेशन।** डिग्री महाविद्यालय गोमिया में बुधवार को प्राचार्या डॉ सरिता श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 40 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से प्राचार्या द्वारा राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा विषय पर विस्तृत परिचय कराया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया से गणेश प्रजापति एवं हसीना बानो (नेत्र सहायक) उपस्थित थे। नेत्र सहायक गणेश प्रजापति ने बताया कि नेत्रदान एक महादान की श्रेणी में आता है` मृत्यु के बाद मानव नेत्र का दान 6 से 8 घंटे के दौरान किया जा सकता है। इसके पहले व्यक्ति को अपने जीवन काल में ही एक आवेदन देना होता है। मृत्यु के बाद आंखों के पलकों के ऊपर भीगा हुआ कपड़ा या रुई रखकर मृत व्यक्ति के आंखों को सुरक्षित रखा जाता है। नेत्रदान में केवल कार्निया को आंखों से निकाला जाता है, संपूर्ण आंखों को नहीं। नेत्रदान करने वाले व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी, टीवी, रेबीज,कैंसर,कुष्ठ रोग आदि नहीं होना चाहिए। इस कार्यक्रम में मनोहर मांझी,नितिन चेतन तिग्गा, डॉ गीता कुमारी,अमित कुमार करमाली,रोशन कुमार दास, स्नेहा मेलगाण्डी, डॉ विजय कुमार मंडल,पंकज सिंह,सुलभा कुमारी, रमाशंकर पटेल, विमल कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, नरेश कुमार, अर्जुन यादव अजय कुमार रविदास, मुकेश कुमार, और महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**गोमिया /रिपब्लिक नेशन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं लेप्रोसी जागरूकता कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिसमें बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 16 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाना है और 19 सितंबर को मॉप अप दिवस मनाया जाना है। जिसमें 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि मुक्ति का दवा खिलाना है। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जय प्रकाश राम पप्रखंड लेखा प्रबंधक गौतम कुमार, रवि कांत पटेल -फैसिलिटी हेल्थ मैनेजर रविकांत पटेल, प्रदीप सिंह, राखी कुमारी सहित कई सहिया बहने उपस्थित थी।

### चिरकुंडा से फर्जी सीबीआई अधिकारी गिरफ्तार, बंगाल में महिला से की ठगी



**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार की शाम को कुमारधुबी स्टेशन रोड निवासी सरवर हुसैन को एक महिला से ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सरवर और उसके साथियों ने सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) अधिकारी बताकर चौबीस परगना जिले के बारासात थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर में प्रवेश किया था। पुलिस ने बताया कि जब महिला घर में अकेली थी तभी ये लोग तलाशी लेने का नाटक किया। उसके घर में रखे कीमती आभूषण लेकर भाग गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और टेक्निकल सेल मदद से स्थानीय एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक से पूछताछ के बाद पुलिस को सरवर हुसैन का नाम और पता बताया। बंगाल पुलिस चिरकुंडा थाना पहुंची और सरवर हुसैन और उसके साथी की पहचान पर कुमारधुबी स्टेशन रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस उसे अपने साथ पश्चिम बंगाल ले गई है। बताया कि ठग आम लोगों को धोखा देने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। नकली अधिकारी बनकर ठगी किया। ऐसे मामलों से आम लोगों को बचने के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

### स्कॉर्पियो सवार द्वारा दो लोगों के अपहरण के प्रयास का मामला

**रिपब्लिक नेशन। डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के घुटवाली के समीप डुमरी-बेरमो पथ पर मंगलवार की रात एक स्कार्पियो से आये लोगों द्वारा स्विफ्ट कार को रोकर उसमे सवार लोगों के साथ मारपीट कर दो लोगों को अपने साथ ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नावाडीह से डुमरी की ओर जा रही सादे रंग की एक स्विफ्ट कार को पीछा कर रहे एक सादे रंग की स्कॉर्पियो ने ओभर टेक कर रोका। स्विफ्ट के रुकते ही स्कॉर्पियो में बैठे लगभग पांच व्यक्ति, जिसमें एक पुलिस की बर्दी पहने हुए था और राइफल लिए हुए था, ने कार का दरवाजा खोलकर टॉर्च जलाते हुए दो व्यक्तियों को उतार कर मारपीट करने लगे । फिर दोनों को स्कार्पियो में बैठा कर नावाडीह की ओर लौट गए।

इस दौरान मौका देखकर चालक स्विफ्ट को तेजी से भगाते हुए डुमरी की ओर निकल गया। बताया जाता है कि जब वहां आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो स्कॉर्पियो से आये लोग दोनो को साथ लेकर वहां से तुरन्त निकल गए। इस दौरान लोगों को मौके पर एक आईआरबी जवान का आईडी और एक अन्य का ड्राईविंग लाइसेंस गिरा मिला। जवान के आईडी में संजय कुमार महतो, पिता जागेश्वर महतो, सीटी 392, ग्राम मानपुर, पोस्ट बिरनी, थाना नावाडीह बोकारो लिखा है। वहीं ड्राईविंग लाइसेंस किसी अरुण कुमार पिता कुलदीप पाठक ग्राम तेलो बोकारो का है।

इधर पूछे जाने पर थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने कहा कि मामले की जानकारी हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की जिलाध्यक्ष ने गंभीर आरोप लगा दिया इस्तीफा

## कहा, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज कुछ लोगों के स्वार्थ को पूरा करने के लिए बनाया गया है

रिपब्लिक नेशन।



**गिरिडीह।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज बैनर तले गत 7 सितंबर को हुए सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह में महिला कमिटी का गठन किया गया था। जिसमें जिला अध्यक्ष उषा कुमारी को बनाया गया था। उषा कुमारी ने बुधवार को समाज के महिला के साथ प्रेस वार्ता में कई गंभीर आरोप लगाते हुए अन्य महिलाओ के साथ अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज कुछ लोगों के स्वार्थ को पूरा करने के लिए बनाया गया है। समाज में महिला सम्मान की बात करते हैं , लेकिन वह सिर्फ कहने को है। महिला को कठपुतली के तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं । जो हम सभी बर्दाश्त नहीं कर सकते। हमारा लक्ष्य समाज को जगाने की रहेगी और महिला को खासतौर पर अपने हक और अधिकारों के लिए घर से बाहर निकल कर कदम से कदम मिलाकर कार्य करने का प्रयास करेंगे। आने वाले दिनों में इसकी बानगी दिखाई देगी।

आने वाले दिनों में कुछ लोग जो मनमाने तरीके से समाज को चला रहे हैं , वैसे व्यक्तियों के क्रियाकलाप को भी उजागर किया जाएगा। चाहे वह पंचायती के नाम पर घूसखोरी हो या बंद कमरे में निर्णय लेने की बात हो। कहा कि चाहे समाज के वोट को बेचने की बात हो चाहे समाज को अपमानती करने वाले को दोस्त बनाने की बात हो। यह लड़ाई बंद कमरे की थी, लेकिन कुछ हिटलरशाही लोग सोशल मीडिया में डाल कर समाज को कमजोर करने का प्रयास किए वैसे लोगो की मंशा को उजागर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम समाज से भी आग्रह करते हैं कि आप जागे और अच्छे उद्देश्यों के लिए गहन चिंतन करें तथा जो शोषण और इस्तेमाल करते है उनका बहिष्कार करें। कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए मनमाने ढंग से संगठन को चलाना चाह रहे हैं तो उन्हें कह देते है कि हम समाज की बेटी है जो टेढ़ी कील को भी सीधा कर समाज में गढ़ने का काम करेंगे। रेखा देवी, संजना शर्मा समेत अन्य महिला ने इस्तीफा गिरिडीह जिलाध्यक्ष को दे दिया।

प्रेस वार्ता के दौरान सरिता देवी ललिता देवी आरती आर्यन राणा वर्षा कुमारी शर्मा सोनिया शर्मा सविता शर्मा तारा देवी समेत अन्य महिला उपस्थित थी।

## गरीबी और संसाधनों की कमी पर भारी पड़ा युवक का जज्बा

- **तिसरी के पालमो गांव के चुन्नू कुमार का नेवी में सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट के पद पर चयन**
- **घर की माली हालत खस्ता, पिता ने किसी तरह पाई पाई जोड़कर बेटे को पढ़ाया**



चंदन कुमार/रिपब्लिक नेशन।

**तिसरी ।** गरीबी और परिवार में असुविधाओं को मात देकर एक किसान के बेटे ने भारतीय नौसेना में सफलता पाई है। गिरिडीह जिले में तिसरी प्रखंड के पालमो के रहने वाले राजू यादव के पुत्र चुन्नू कुमार इंडियन नेवी ( अग्निवीर ) में एसएसआर के पद पर चयनित हुआ।

उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय से की है,मेट्रिक व इंटर अग्रवाल उच्च विद्यालय तिसरी से किया। वह हजारीबाग में रहकर पढाई किया करते थे। उनकी इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। साथ ही उन्हें जानने वाले भी ×खुश हैं।

इतना ही नहीं होनहार चुन्नू ने एसएससी जीडी आर्म फॉर्स की भी परीक्षा पास किया था। लेकिन हाइट कम रहने के कारण फिजिकल में बाहर हो गए। तो वहीं उन्होंने इंडियन एयर फोर्स की भी परीक्षा पास की है, जिसका मेरिट लिस्ट आना अभी बाकि है। बता दें कि चुन्नू के घर की माली हालत ठीक नहीं है, उनके पिता राजू यादव एक किसान हैं। खेती - बाड़ी कर उन्होंने अपने पुत्र को पढ़ाया लिखाया । चुन्नू का पूरा परिवार मिट्टी के एक पुराने व जर्जर घर में रहता है। उनके पिता ने कहा कि बेटे की पढाई के लिए वे पाई - पाई जोड़ते रहे, इसलिए घर नहीं बनवा सके। अब बेटे की नौकरी हो गई तो घर बनवाएंगे। यह स्थिति सिर्फ एक चुन्नू के घर की नहीं है,शहर से लेकर गांव तक ऐसे कई चुन्नू हैं, जिनके पिता और परिवार उन्हें सफल बनाने को लेकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी आंखों में उम्मीद होती है कि एक दिन उनके बेटे को अच्छी नौकरी मिलेगी तब सब कुछ ठीक हो जायेगा।

## गोमिया में आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

रिपब्लिक नेशन।





**राजकुमार/गोमिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ महादेव कुमार महतो की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यशाला शुरू किया गया। इस कार्यशाला में प्रखंड के 72 आदिवासी बाहुल्य गांवों से चिन्हित किए गए कर्मयोगियों के साथ बैठक किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आदिवासी बहुल गांवों का समुचित विकास करने हेतु गांव स्तर पर टीम गठित करना है और टीम के द्वारा गांव की भौगोलिक स्थिति को दर्शाते हुए किन-किन विकास कार्यों को करने से गांव विकसित हो सके, इसे चिन्हित करना है। बीडीओ महादेव कुमार महतो ने कहा गया कि प्रखंड के चिन्हित 72 गांवों के परिवारों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, शौचालय, रोजगार जैसे मूलभूत सुविधाओं से जोड़ कर विकास के मुख्यधारा में शामिल करना मुख्य उद्देश्य है।

सीओ आफताब आलम सह मास्टर ट्रेनर ने कहा कि इस अभियान के तहत जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सह अंचल सीओ आफताब आलम,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राज किशोर मिश्रा, अनिल कुमार टैगोर, जेई रोहित कुमार मंडल, मीनू कुमारी ने मास्टर ट्रेनर को सुचारू रूप से मिलकर प्रशिक्षण दिया।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

रिपब्लिक नेशन।



**बेंगाबाद ।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में यह संदेश गया कि ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का नाम विनय कुमार कुशवाहा है, जो ओझाडीह पंचायत के चरघरा गांव का निवासी है। पीड़िता एक नाबालिग किशोरी है, जिसके साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में थाना कांड संख्या 138/2025 दर्ज किया गया । आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित कई अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मामले को लेकर पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता को तुरंत मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। मेडिकल रिपोर्ट को जांच में शामिल किया जाएगा, ताकि आरोप पुख्ता हो सकें।

इसके अलावा, कानूनी प्रक्रिया के तहत किशोरी का बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराने के लिए भी पुलिस ने कदम उठाया है। यह बयान आगे की कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है और मामले की जांच पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ की जा रही है।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी हाल में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों ने भी पुलिस की त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई कि पीड़िता को न्याय मिलेगा।

फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया और मामले की जांच जारी है। बताया गया कि जांच पूरी होने के बाद चार्जशीट अदालत में दाखिल की जाएगी,ताकि आरोपी को जल्द से जल्द सजा मिल सके।

### मध्य विद्यालय साड़म में शिक्षक एवं अभिभावक की बैठक



**गोमिया/रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय साड़म बांग्ला में बुधवार को शिक्षक और अभिभावकों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता साड़म पश्चिमी मुखिया शोभा देवी ने किया।बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिप सदस्य प्रकाशलाल लाल सिंह, पूर्व उप मुखिया विकास जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक, अभिभावक और बच्चों में आपसी तालमेल बढ़ाना और सौ फीसदी उपस्थिति पर जोर देना था। इस दौरान सत्र 2025-26 के बच्चों के बीच पूर्व जिप सदस्य एवं मुखिया द्वारा सरकारी शैक्षणिक कीट का वितरण भी किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, शिक्षक अजीत नारायण प्रसाद, बासुदेव राम, प्रवीण राय,बलराम पासवान, वैभव, शिक्षक सुरेन्द्र रविदास, सुमित्रा देवी, विकास रंजन, संगीता कुमारी, नमिता देवी, राजेन्द्र पासवान, गुलाम सरवर, राजकपूर प्रसाद, संयोजिका गीता देवी आदि उपस्थित थे।

### रानी लक्ष्मीबाई मध्य विद्यालय में पाठ्य सामग्री का वितरण

- **सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें बच्चेः अरविंद**




**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह।** रानी लक्ष्मी बाई मध्य विद्यालय गिरिडीह में आज बुधवार को बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय परिवार की ओर से बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया व स्कूल की बच्चियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।

इस दौरान विद्यालय की लगभग 200 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री व टॉफी का वितरण किया गया। अपने संबोधन में श्री कुमार ने बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में मिलने वाला मार्क्स आपके जज्बे व हुनर का पैमाना नहीं होता है। इसलिए कभी अपेक्षा से कम अंक मिल भी जाये तो निराश होने की जरूरत नहीं है। इस दौरान उन्होंने जल्द ही विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगवाने की भी बात कही ताकि बच्चियों में हीमोग्लोबिन की जांच व समुचित स्वास्थ्य समाधान हो सके।

धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने किया। जबकि संचालन शिक्षिका भवानी कुमारी ने किया। इस मौके पर शिक्षिका पल्लवी प्रबोध, प्रियंका श्रीवास्तव, अध्यक्ष प्रकाश दास, शिक्षक ऋषिकेश भारती समेत कई लोग मौजूद थे।

## विशेष सदस्यता बृद्धि अभियान का विधायक व उपायुक्त ने किया शुभारंभ

रिपब्लिक नेशन।




**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु लेम्पस परिसर में बुधवार को विशेष सदस्यता बृद्धि अभियान का शुभारंभ विधायक सविता महतो एवं सरायकेला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह व पंचायत प्रतिनिधियों ने नये सदस्यों को अंश प्रमाण पत्र सौंपकर किया। वहीं उपायुक्त श्री सिंह ने सदस्यों व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लैम्पस एक बहुउद्देशीय सहयोग समिति है, जिसमें क्षेत्र के लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लैम्पस में जुड़कर कृर्षि,बीपनन , वाणिज्य एवं विनिर्माण आदि कार्य किया जा सकता है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक सदस्यता ग्रहण कर इसका लाभ उठाने का अपील किया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि लैम्पस के साथ जुड़कर किसान अपने उत्पादन धान का विक्रय कर सकते हैं और बहुत सारे योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने सोड़ो कोल्ड स्टोर को चालु कराने का मांग किया। विधायक के मांग करने पर तत्काल उपायुक्त ने सोड़ो में निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर का जांच किया एवं कनीय अभियंता को समय पर कार्य पुरा नही होने से जमकर फटकार लगाई। उपायुक्त ने कोल्ड स्टोर का जांच के लिए एक विशेष टीम बनाकर जांच करने की बात कही। विशेष सदस्यता बृद्धि अभियान में नये 58 सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया गया।

- **दूर्गा पूजा से पहले मिलन चौक से सितु बाजार तक स्ट्रीट लाइट व टीकर पुल का होगा मरम्मती**

विधायक सविता महतो ने मंच से जर्जर टीकर पुल का मरम्मती कराने एवं मिलन चौक से सितु बाजार तक स्ट्रीट लाइट लगवाने का मामला उठाई । वहीं उपायुक्त श्री सिंह ने दुर्गा पूजा से पहले पुल मरम्मती एवं 15 स्ट्रीट लाइट लगवाने का घोषणा भी सार्वजनिक रूप से किया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो,बीसीओ बसंत राय, बीडीओ एकता वर्मा,सीओ दीपक प्रसाद,प्रमुख गुरू पद मार्डी, मुखिया लक्ष्मी देवी, लैम्पस अध्यक्ष बलभद्र सिंह मुण्डा, लेखापाल भोलानाथ दास, पंचायत सचिव अशोक मंडल आदि उपस्थित थे।

रिपब्लिक नेशन

देवघर, बुधवार, 10 सितम्बर 2025



# पेट्रोल पंप लूट की योजना बनाते तीन गिरफ्तार, हथियार बरामद

रिपब्लिक नेशन।

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रितेश कुमार यादव अपने सहयोगी पंकज कुमार के साथ खिरगांव होते हुए मिशन अस्पताल की ओर से पेट्रोल पम्प लूट करने जा रहा है ।प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए मिशन रोड के आगे मजार के पास वाहन चेंकिग प्रारंभ किया गया। वाहन चेंकिग के दौरान एक एक्टिवा स्कूटी बिना नंबर प्लेट का आते हुए दिखाई दिया। चंकिग पार्टी को देख स्कूटी चालक स्कूटी को घुमाकर भागने का प्रयास किया तत्पश्चात छापमारी दल द्वारा स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के पास से 01 देशी पिस्टल, गोली, मोबाईल एवं स्कूटी को बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त पंकज कुमार ने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में 15.08.2025 को खिरगांव मे हुए पेट्रोल पम्प मेनेजर के साथ लूट मामले में अपने अन्य सहयोगी के साथ हथियार के बल पर लूटपाट करने की बात स्वीकार किया। गिरफ्तार अभियुक्त पंकज के निशानदेही पर काण्ड में संलिप्त खिरगांव पेट्रोल पम्प कर्मी राहुल कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पे० मेघन साव सा०-कटकमदाग जिला-हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया तथा उसके निशानदेही पर लूट का हिस्सा 50,000 रूपया को बरामद किया गया। इस संदर्भ में सदर (बडाबाजार) ओ०पी० थाना काण्ड सं0-280/25, दिनांक-09.09.2025, धारा-25 (1ए0)/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।





» गिरफ्तार अभियुक्त

रितेश कुमार यादव उम्र करीब 20 वर्ष पे०-केशो यादव सा0 देवरिया खुर्द थाना-केरेडारी, जिला-हजारीबाग,पंकज कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पे०-बिरजु महतो सा०-बांका थाना-कटकमदाग जिला-हजारीबाग,राहुल कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पे०-मेघन साव, सा०-कटकमदाग जिला-हजारीबाग.

» अपराधिक विवरणी...

रितेश कुमार यादव-
केरेडारी थाना कांड सं0-96/24, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट।
पंकज कुमार-सदर थाना कांड सं0-117/24 धारा-392 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट।
सदर बडा बाजार थाना कांड सं0-244/25, धारा-309 (4) बी०एन०एस० एवं 27 आर्म्स एक्ट।

बरामद सामान-
पिस्टल 7.65 एम०एम०-01 पीस,7.65 का जिंदा गोली-02 पीस,315 का गोली-03 पीस,
मोबाईल-03 पीस,
नगद-50,000 रूपया,
एक्टिवा स्कूटी.

छापमारी दल-अमीत आन्नद, पंकज कुमार,सुधीर कुमार,सशस्त्र बल एवं तकनीकि शाखा, हजारीबाग शामिल थे.

# बरही में युवक के अपहरणकांड का पुलिस ने किया खुलासा, एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मात्र 4 घंटे में अपहृत युवक सकुशल बरामद, एक गिरफ्तार

रिपब्लिक नेशन।

**हज़ारीबाग ।** बरही थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात हुए एक सनसनीखेज अपहरणकांड का हजारीबाग पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया। पुलिस ने अपहृत युवक को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल मुक्त कराने के साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना 09 सितंबर 2025 की रात करीब 9:45 बजे की है, जब करसो गांव निवासी विनोद सिंह ने इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार को मोबाइल पर सूचना दी कि उनके पुत्र सौरभ कुमार उम्र 22 वर्ष को कुछ अज्ञात अपराधियों ने कार द्वारा अपहरण कर लिया है। इसी बीच, अपहरणकर्ताओं ने सौरभ कुमार के मोबाइल से विनोद सिंह को फोन कर पांच लाख रुपये फिरौती की मांग की। उक्त जानकारी डीएसपी अजीत कुमार विमल ने प्रेस वार्ता कर दी। वहीं उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को मामले से अवगत कराया गया और बरही थाना में सनहा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी शाखा की मदद से लगातार छापेमारी करते हुए डुमरी थाना क्षेत्र (जिला गिरिडीह) से रात करीब 1:45 बजे अपहृत सौरभ कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने अपहरणकर्ता अरुण कुमार उर्फ अरुण पाठक (37 वर्ष), पिता कुलदीप पाठक तेलो निवासी थाना चंद्रपुरा, जिला बोकारो को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने अपराधियों की योजना को नाकाम कर दिया। विशेष टीम के पदाधिकारी अपहरणकर्ताओं का पीछा करते हुए रात के अंधेरे में भी डटे रहे। इस क्रम में कुछ अधिकारी चोटिल भी हुए, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपहृत को सुरक्षित छुड़ा लिया। उनकी बहादुरी को देखते हुए अलग से पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। एसडीपीओ अजित कुमार बिमल ने बताया कि मांगी गई फिरौती की रकम में से 17 हज़ार रुपये ऑनलाइन माध्यम से भेजा गया था। जिसके बाद पुलिस को काफी मदद मिली। पुलिस टीम में बिनोद कुमार, पु. नि. सह थाना प्रभारी बरही, पुलिस अवर निरीक्षक नरेन्द्र कुमार पांडेय, कपुल दीपक नाग, रूपलाल यादव, सुशील कुमार, आलोक पांडेय, आरक्षी, तकनीकी शाखा, पुलिस कार्यालय हजारीबाग समेत बरही थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# शिवाडीह गेट से हेंदेगिर रेलवे स्टेशन वाली मुख्य सड़क बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील



**बड़कागांव /रिपब्लिक नेशन।** शिवाडीह गेट से सीधे सोनपुरा , महुदी पलांडू होते हुए हेंदेगिर जाने वाली मुख्य सड़क में कई स्थानों पर बड़े - बड़े गड्ढे बन गए हैं ।कई स्थानों पर गड्ढे बन जाने के कारण रेलवे स्टेशन पहुंचने में बड़कागांव के लोगों का चार गुना समय अधिक लग रहा है ।यह सड़क मुख्य रूप से शिवाडीह गांव से लेकर पलांडू तक काफी जर्जर हो गया है ।और सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं ।जिससे लोगों को आवागमन करने में व बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।चाहे साइकिल का पहिया हो या मोटरसाइकिल का या फिर चार पहिया वाहनों का गाड़ियों के पहिए हिचकोले मारते - मारते समय पर मंजिल तक पहुंचने में काफी देर हो जा रही है।

» सड़क में वर्षों बनाई गई कई पुल पुलिया जर्जर

इस सड़क में मुख्य रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवाडीह से लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पलांडू तक शिवाडीह सोनपुरा नदी पर करोड़ो की लागत से बना पुल का कई पिलर काफी जर्जर अवस्था में है। वहीं महुदी सामुदायिक भवन से पहले मोड़ पर बना पुलिया , उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय राणा टोली महुदी के आगे ईंट भट्ठा के समीप बना दो पुलिया एवं सतबहैया डेम से निकलने वाली नाला पर बना पुलिया काफी जर्जर है ।भारी वाहन चलने पर यह सभी पुल एवं पुलिया कभी भी ध्वस्त हो सकता हैं।

» सड़कों का बार–बार होता है निर्माण और बार–बार समय पूर्व टूट जाता है

ग्रामीणों का कहना है ऐसी सड़क जो पूरी तरह से ठीक-ठाक होता है उन पर योजना निकलती है और वह सड़क बार-बार बनाया जाता है ।मानो पैसा कमाने का यह एक जरिया बन गया हो।

शिवाडीह से लेकर पलांडू तक सड़क एवं पुल पुलिया बनाने की मांग करने वालों में मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी , उप प्रमुख वचनदेव कुमार , कांडतरी पंचायत प्रभारी मुखिया राजदेव महतो , पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ,तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी , पंचायत समिति सदस्य मेघा कुमारी , आंगो पंचायत मुखिया निलम मिंज , पंचायत समिति सदस्य संगीता कुमारी , पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद , समाजसेवी अजय नारायण प्रसाद दांगी , समाजसेवी भवानी प्रसाद दांगी , राजनाथ कुमार दांगी, प्रदीप महतो, मोहित कुमार , प्रतिनिधि संजय महतो , महेंद्र मांझी , मिथिलेश कुमार , मुनेश्वर गांझू , सुरेंद्र महतो , तनवीर आलम , शंभू सोनी , मोहम्मद यूनुस , मोहम्मद आवेश , अहमद रजा , शमशेर आलम , सुरेंद्र महतो , खेमलाल राम , रविकांत महतो , महावीर गंझू , सुखदेव गंझू , हैवील लकड़ा , त्रिभुवन महतो , संतोष ठाकुर , शनिचर बिरहोर , गुलेश्वर कुमार , इसराइल अंसारी , अफतर अली , विजय महतो , जागेश्वर महतो , परण पांसी , फूलचंद राम, विजय पासवान, मखदुम आलम आदी शिवाडीह , सोनपुरा , महुदी , सतबहिया , पलांडू , कंदरू , चेलंदाग , झिकझोर ,लोहरसा , हेंदेगिर , आंगो आदि दर्जनों गांव के सैकड़ो लोगों ने मांग किया है।

# मुक्ति दूधमनियां में शहादत दिवस पर याद किए गए महेंद्र प्रताप सिंह, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

## जुल्म, जमींदारी व सूदखोरों के खिलाफ महेंद्र प्रताप सिंह ने हमेशा लडी लडाई

रिपब्लिक नेशन।

टाटीझरिया। प्रखंड के मुक्ति दूधमनियां में बुधवार को शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 42वां शहादत दिवस मनाया गया। शहीद की पत्नी गायत्री, पुत्र बीससूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, राहुल सिंह, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, केन्द्रीय सदस्य सह जिला युवा अध्यक्ष गौरव पटेल, विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, जिला सचिव महिला मोर्चा यशोदा देवी, आंदोलनकारी प्रेमचंद गुप्ता, योधी प्रसाद यादव, कामेश्वर पांडेय, जयप्रकाश सिंह, संजय पटेल आदि ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि जमींदारी, सूदखोरों एवं जुल्म करने वालों के खिलाफ महेंद्र प्रताप सिंह हमेशा लडे। गरीब तबके के लोगों के लिए उस समय महेंद्र प्रताप सिंह मसीहा बनकर उभरे और शहीद हो गए। उनके सपनों को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान लोगों के बीच फलदार और छायादार पौधों का वितरण किया गया। विष्णुगढ़ से निकली बाइक रैली नारे लगाते हुए मुक्ति दूधमनियां स्मारक स्थल पहुंची। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड सचिव जगदीश चंद्र यादव, भेलवारा मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, सुरेंद्र प्रसाद यादव, लक्ष्मण यादव, जयप्रकाश सिंह पटेल, दीपचंद यादव, गुरू प्रसाद साव, अरूण राम, ननकी देवी, बंशी मांझी, बालेश्वर महतो, भोला भुईंया, जगन्नाथ सिंह, रूपण साव, धतुरी यादव, सौरभ सिंह, राजेश यादव, बिनोद अगेरिया, सनोज अगेरिया, इंद्रदेव यादव, अमृत सिंह, किशोरी महतो, फरीद अंसारी, सुरेश प्रजापति, मानकी ठाकुर, जितेंद्र पासवान, प्रकाश सिंह, बद्री महतो, रामदेव सिन्हा आदि शामिल रहे।



● **शोषण का तरीका बदला, अधिकारी कर रहे आज भी समाज का शोषणः चंद्रनाथ**

शहादत दिवस के मौके पर पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी नेता चंद्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि आज भी लोगों का शोषण हो रहा है। शोषण करने का बस तरीका बदला है। ब्लॉक, थाना से लेकर हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी वंचित, शोषित, दलित, पीडित लोगों का शोषण कर रहे हैं। वन पट्टा देने के नाम पर भोलीभाली आदिवासी, पिछडों को ठगा जा रहा है। उनपर मामला दर्ज किया जा रहा है। इन सबसे निपटना ही स्व महेंद्र प्रताप सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देश दिए गए

रिपब्लिक नेशन।

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीजी पोर्टल, भू-मापी मामले, म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, सो-मोटो म्यूटेशन, ई-रिवेन्यू कोर्ट, आरसीएमएस ऑनलाइन रिपोर्ट, ऑनलाइन लगान केस, परिशोधन पोर्टल एवं जमाबंदी रद्द करने से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सर्वप्रथम पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों पर अनुपालन की समीक्षा की। पीजी पोर्टल पर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का विशेष निर्देश दिया गया। उन्होंने अपर समाहर्ता को प्रत्येक सप्ताह एक अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया। भू-मापी से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेने एवं 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।



उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में प्राप्त राजस्व एवं भू-अर्जन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अपर समाहर्ता को निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह वीसी के माध्यम से समीक्षा की जाए तथा संबंधित एसडीओ एवं डीसीएलआर द्वारा प्रत्येक सप्ताह अंचल कार्यालय का भौतिक निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

म्यूटेशन प्रक्रिया में भी प्रगति बढ़ाने, परिशोधन मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने, ई-रिवेन्यू कोर्ट में दायर एवं निष्पादित वादों की गहन समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भू-अर्जन अधिनियमों के अंतर्गत अर्जित भूमि से संबंधित मामलों में एवं सभी पैरामीटर पर प्रगति करने का निर्देश दिया गया ।बैठक में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के साथ अपर समाहर्ता, भू-अर्जन पदाधिकारी, बरही अनुमंडल पदाधिकारी, बरही एवं सदर डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बड़कागांव हत्याकांड के आठ आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।

हजारीबाग,बड़कागांव थाना में संगीता देवी, पति दिनेश प्रजापति, साकिन पिपराडीह, पोस्ट सांड, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग के द्वारा एक लिखित आवेदन में दिनांक 06.07.2025 को समय 8:00 से 9:00 के बीच पति दिनेश प्रजापति को 1,00,000 लाख रुपया के लेन-देन के आरोप में सुभाष प्रजापति, पिता - महेश प्रजापति, ग्राम कुम्हरडीह, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग के द्वारा अपहरण कर लेने का आरोप लगाया गया था ।आवेदन के आधार पर बड़कागांव थाना कांड संख्या-180/25 दिनांक-08.07.2025 धारा-140(3) इठर सुभाष प्रजापति पिता महेश प्रजापति ग्राम- कुम्हरडीहा थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग के विरुद्ध कांड दर्ज की गई है। दर्ज थाना कांड के अनुसंधानकर्ता के द्वारा अनुसंधान के क्रम में लापता दिनेश प्रजापति का शव दिनांक-10.07.2025 को कुम्हारडीहा स्थित एक कुआं से बरामद हुआ, शव बरामदी के पश्चात बड़कागांव थाना कांड सं०-185/25 तिथि-11.07.2025 के 38 नामजद प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा अन्य 50-60 आदमी के द्वारा कूम्हारडीहा स्थित सुभाष प्रजापति के पिता महेश प्रजापति को उसके घर से घसीटते हुए निकालकर उपरोक्त लोगों के द्वारा घर से शनिवार बाजार टांड के बीच घसीटते हुए पीट-पीट कर हत्या कर दिया गया तथा सुभाष प्रजापति के घर में लूटपाट करते हुए घर में आग लगा दी गई थी। साथ ही साथ उग्र भीड़ में शामिल लोगों के द्वारा पुलिस के साथ भी झड़प किया गया था, जिसके आलोक में वादिनी कौशल्या देवी उम्र 55 वर्ष पति स्व० महेश प्रजापति ग्राम -कुम्हारडीहा (नयाटांड़), थाना बड़कागांव जिला- हजारीबाग के अंकित आवेदन के आधार पर बड़का गांव थाना कांड संख्या 185/2025 तिथि-11.07.2025 धारा-3/126(2)/115(2)/326(I)/326( ̆)/103(1)/61(2) बी०एन०एस० दर्ज किया गया था। उक्त कांड के अनुसंधान एवं अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव के नेतृत्व में एक SIT टीम के गठन किया गया था, गठित टीम में शामिल सदस्यों के द्वारा छापामारी कर इस घटना में शामिल 8 अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गई है, जो निम्नलिखित है-



गिरफ्तार अभियुक्त - 1. देवकी प्रजापति उम्र 35 वर्ष पिता स्व० उगन प्रजापति, 2. शिबू यादव उर्फ पिंटु उर्फ छोटू उम्र 37 वर्ष पिता सागर गोप, 3. महानंद प्रजापति उम्र 31 वर्ष पिता चांदो प्रजापति, 4. दिनेश प्रजापति उर्फ दिनेश्वर प्रजापति उम्र 38 वर्ष पिता बिगन प्रजापति, 5. बडु गोप उर्फ सिकंदर गोप उम्र 40 वर्ष पिता हसागर गोप, 6. गोपी जी उर्फ घनश्याम यादव उम्र 38 वर्ष पिता शंकर को गणेश यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व० टोकल गोप राजू प्रजापति उम्र 30 वर्ष पिता मोगल प्रजापति सभी ग्राम- पिपराडीह थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग

छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल-1. पवन कुमार अनु०पु०पदा०, बड़कागांव, 2. पु०नि० ललित कुमार बड़कागांव अंचल हजारीबाग, 3. पु०अ०नि० कृष्ण कुमार गुप्ता थाना प्रभारी बड़कागांव, 4. पु०अ०नि० विवेक कुमार थाना प्रभारी केरेडारी थाना, 5. पु०अ०नि० सागेन मुर्मु, थाना प्रभारी डाडीकला, 6. पु०अ०नि० रामकुमार राम, थाना प्रभारी सिकरी, 7. पु०अ०नि० छोटू उरांव, 8.पु०अ०नि० अभिषेक कुमार, 9. बड़कागांव थाना के सशस्त्र बल के जवान

## संक्षिप्त समाचार

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में 38 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**बरकट्ठा/रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सकरेज 38 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल बांटी गयी। मौके पर उपस्थित स्थानीय मुखिया सुमन कुमार एवं झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुखिया सुमन कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्नति का पहिया योजना कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय सकरेज के छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण का लाभ दिया गया है। इससे बच्चों को स्कूल आने जाने में सुविधा होगी और उनकी शिक्षा स्तर में भी सुधार होगी। वहीं झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में सरकारी स्कूलों में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत सभी स्कूली बच्चों को साइकिल दिया जा रहा है। बच्चों को अपने घर से दूर स्थित उच्च विद्यालय में पढ़ने के लिए अब पैदल नहीं जाना पड़ेगा। अबुआ सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। साइकिल पाकर स्कूली छात्राओं काफी उत्साहित हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कैलाश पासवान, शिक्षक स्वामी रामतीर्थ सिंह, राजेश्वर प्रसाद, पंकज सिन्हा, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद दास, संयोजिका मालवा देवी, लखन यादव, शिक्षिका कुंती देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।




### विहिप चुगलामों पंचायत का हुआ विस्तार, मुन्ना लाल मंत्री व अध्यक्ष बने ध्रुव नारायण

**बरकट्ठा /रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड क्षेत्र के चुगलामों शिव मंदिर प्रांगण में विहिप बजरंग दल बरकट्ठा के अधिकारियों द्वारा विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम,व संगठन विस्तार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन मंत्री सत्यम भारती व अध्यक्षता भगीरथ प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से मार्गदर्शक रामचंद्र चौधरी,महेंद्र प्रसाद,विनोद प्रसाद,धीरज गुप्ता,दीपक पांडेय,ईश्वर प्रसाद,रंजीत कुमार,मंटू पांडेय,इंद्रदेव मोदी,नरेश रवानी,मुकेश पांडेय आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में सैकड़ो धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर सनातन धर्म प्रेमियों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करना,और सनातन के मुख्य मानबिंदु गौ,गंगा,और गायत्री की रक्षा,पवित्र और सबल बनाना है ।बैठक में पंचायत स्तर के विहिप बजरंग दल अधिकारी गण का चयन किया जिसमे-अध्यक्ष ध्रुव नारायण वर्णवाल,उपाध्यक्ष विजय पासवान ,मंत्री मुन्ना लाल वर्णवाल,सह मंत्री विजय चौधरी,संयोजक आनंद वर्णवाल,सह संयोजक राजन वर्णवाल,सत्संग प्रमुख बाबूलाल चौधरी,रामेश्वर राणा, प्रचार प्रसार प्रमुख पिंटू बर्नवाल,,साप्ताहिक मिलन प्रमुख प्रदीप राणा,समरसता प्रमुख गोविंद प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख संतोष चौधरी,सदस्य में अजय कुमार, विकास कुमार,भोला राणा,विकास कुमार,मुकेश चौधरी,आशीष कुमार,सुनील कुमार,गोपी कुमार,विजय साव,और राहुल साव का चयन किया गया। अंत में योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद के द्वारा गायत्री मंत्र और ओम का जाप करवा कर कार्यक्रम का समापन करवाया गया।



### नीलाम पत्र वादों के सुनवाई में तेजी लाने, उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**हजारीबाग /रिपब्लिक नेशन।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीलाम पत्र वादों के सुनवाई में तेजी लाने और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित पदाधिकारी लक्ष्य के अनुरूप राजस्व हासिल करना सुनिश्चित करेंगे। नीलाम पत्र वादों के नोटिस का तमिला प्रतिवेदन वापस लाने आ रही समस्या को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।




उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को मासिक लक्ष्य निर्धारित करके प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो इन मामलों को लोक अदालत में निष्पादन करने का प्रयास करें। उपायुक्त ने नीलाम पत्र पदाधिकार को सप्ताह में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से करने का निर्देश दिया। नीलाम पत्र वादों की सुनवाई सप्ताह में दो दिन निश्चित रूप से करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि 2 साल से ऊपर के केसेस को शीघ्र ही निष्पादन करें बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता, नीलाम पत्र पदाधिकारी, बरही अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं बरही डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### शिलाडीह में विहिप के द्वारा आयोजित भव्य मंगला आरती मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

● **धर्मन्तरण को रोकना हम सबका दायित्व है : जिला मंत्री अरविंद मेहता**

**बरकट्ठा /रिपब्लिक नेशन।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह में प्रत्येक मंगलवार की भांति भव्य मंगला आरती कार्यक्रम आयोजित कि गई , जिसमें बच्चे,नौजवान ,माताएं,बहने, बुजुर्ग समेत 501 भक्त शामिल हुए। आरती में मुख्य पुजारी पंचायत समिति सदस्य ज्योति देवी प्रतिनिधि राजकुमार गिरी थे। जिनके द्वारा भव्य व्यवस्था किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत मठ मंदिर प्रमुख मनोज पाण्डेय,जिला मंत्री अरविंद मेहता,जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता,बरकट्ठा विश्व हिंदू परिषद मंत्री सत्यम भारती,अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद,उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता,विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता सह मार्गदर्शन रामचंद्र चौधरी,समर सत्ता प्रमुख मुकेश पांडे,विहिप पंचायत अध्यक्ष शिवलाल यादव,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संतोष दास,दीपक पांडेय, पत्रकार पीयूष पांडे,श्याम किशोर पांडे उपस्थित थे। वही लगनवां के भजन मंडली के लोगों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया गया। लोगों ने जय श्री राम का नारा, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, जय श्री राम का नारा लगाते रहे जिससे क्षेत्र भक्ति में हो गया। मौके पर मौके पर शिलाड़ीह के उपमुखीया सहदेव पासवान,पूर्व पंचायत समिति सदस्य लोकनाथ राणा, चंद्रशेखर सिंह, श्याम सिंह नंदलाल मंडल राम तीरथ पांडे प्रदीप पांडे छोटेलाल गिरी मुरली गिरी कामेश्वर पांडे अर्जुन पांडे कार्तिक करण देव अनिल पासवान सुरेंद्र राणा राजेश पासवान दुलारचंद पासवान पिंटू यादव पुखराज यादव पुखराज राणा सहदेव सिंह लाल राणा अशोक मोदी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।



# गोड्डा पुलिस की बड़ी कारवाई, छह अपराधी गिरफ्तार - पिस्तौल, कट्टा और कारतूस बरामद

रिपब्लिक नेशन।

बासु कुमार की रिपोर्ट /गोड्डा महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 08 सितंबर 2025 की रात पुलिस अधीक्षक गोड्डा को गुप्त सूचना मिली कि हरा रंग का टोटो (निबंधन सं० BR 10SV 9251) से कुछ अपराधी कट्टा लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए सहीला से महियामा खुर्द डुमरिया होते हुए हनवारा की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल छापामारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। छापामारी दल ने खुर्द डुमरिया मैदान के पास उक्त टोटो को रोका। पुलिस वाहन देखते ही टोटो में सवार सभी व्यक्ति भागने लगे, लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से छह लोगों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनके नाम क्रमशः शुभम कुमार, सुनील कुमार, बिट्टू कुमार, राहुल रंजन, नैतिक कुमार और टिट्टु कुमार बताये गए। सभी भागलपुर और बांका जिले के निवासी हैं।

तलाशी में एक पिस्तौल, एक देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने हथियार व वाहन को जब्त कर सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। हनवारा थाना में कांड सं० 43/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। छापामारी दल में हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम, स०अ०नि० विजय कुमार राम सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।




## संक्षिप्त समाचार

### दो महिलाओं के हत्यारोपी की हाजत में मौत को ले गांवा थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**रिपब्लिक नेशन/गिरिडीह** । गिरिडीह जिले के गांवा थाना की हाजत में दो महिलाओं की गला दबाकर हत्याकांड के आरोपी की मौत के बाद एक ओर जहां पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठ खड़ा हुआ है, तो दूसरी ओर हत्यारोपी श्रीकांत चौधरी के माता पिता ने सीधे तौर पर श्रीकांत की मौत का जिम्मेवार गांवा के थाना प्रभारी अभिषेक सिंह और थाने के मुंशी मिथलेश कुमार को ठहराया है।

इधर जिले के पुलिस कप्तान डॉक्टर विमल कुमार ने थाना प्रभारी अभिषेक सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

वहीं बुधवार को मृतक श्रीकांत के पोस्टमार्टम के बाद शव को लेने से उसके परिजनों ने इनकार कर दिया।खूब हो हल्ला मचा,घर के पास बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई ।

### गोड्डा महागामाः ऊर्जा नगर दुर्गा मंदिर में मेले की विधि व्यवस्था पर चर्चा



**बासु कुमार की रिपोर्ट /महागामा।** गोड्डा महागामा प्रखंड के ऊर्जा नगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में मेले की तैयारी को लेकर मेला समिति के सदस्य सचिव प्रदीप सिंह के नेतृत्व में विधि व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, सफाई व्यवस्था, पार्किंग, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

सचिव प्रदीप सिंह ने कहा कि मेले को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और पुलिस से समन्वय बढ़ाकर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सहयोग का आश्वासन दिया और मेले को सफल बनाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने की बात कही। मौके पर उपस्थित मेला कमेटी सचिव प्रदीप सिंह डोमन महतो प्रदीप राय रविकांत सिंह अजीत मालतो अजीत महतो विवेकानंद सिंह एवं मेला कमेटी के सदस्य सभी उपस्थित रहे दर्जनों

### बेनीबाद में फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर बदमाशो ने किया लूटपाट , परिवार को बंधक बनाया



**दीपक कुमार ।गायघाट/रिपब्लिक नेशन।** बेनीबाद में नकली इनकम टैक्स अफसर बनकर लुटेरों ने एक ज्वैलर के घर को निशाना बनाया। घटना आज सुबह की है। 6-7 की संख्या में आए अपराधियों ने ज्वैलर गौड़ी साह के घर में घुसकर परिवार को बंधक बना लिया।

अपराधियों ने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। उन्होंने घर की तलाशी का बहाना बनाया। करीब 15 मिनट तक अपराधियों ने अलमारी और पेटी से लाखों रुपये के आभूषण और नगदी निकाली। वारदात के सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी का हार्ड डिस्क भी साथ ले गए।

अपराधियों की धृष्टता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे थाने से कुछ ही दूर खड़ी स्कॉर्पियो में बैठकर फरार हुए। बाहर खड़े लोगों से उन्होंने कहा कि वे गौड़ी साह के रिश्तेदार हैं।

घटना का पता तब चला जब पीड़ित परिवार का पुत्र छत से उतरकर थाने पहुंचा। बेनीबाद थानाध्यक्ष साकेत शार्दुल के अनुसार मामले की जांच जारी है। ज्वैलर गौड़ी साह चोरी हुए जेवरात और नकदी का आकलन कर पुलिस को शिकायत देंगे।

### जयनगर के संत जेवियर स्कूल के डिवाइन नगर शाखा के कंट्रोल पैनल रूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

- अग्निशमन यंत्रों की सहायता से आग पर पा लिया काबू ,सभी सुरक्षित।



**रिपब्लिक नेशन।** गुरुवार की सुबह लगभग 8:45 से 8:50 बजे के बीच डिवाइन नगर स्थित संत ज़ेवियर स्कूल की कंट्रोल पैनल रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई।संस्थान की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई और बिजली विभाग के अधिकारी को सूचित किया गया। तत्पश्चात, संस्थान के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों की सहायता से आग पर काबू पा लिया।घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग और जयनगर थाना के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायज़ा लिया।संस्थान की ओर से जारी बयान के अनुसार, सभी छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।संस्थान ने यह भी स्पष्ट किया है कि कक्षाएं नियमित समय पर सुचारु रूप से जारी रहेंगी।इस मौके पर अग्निशमन विभाग ने छात्रों को अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में भी जागरूक किया।संस्थान प्रशासन ने बताया कि भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रत्याशित घटना से बचने हेतु अधिक सख्त और पर्याप्त सुरक्षा उपायों को लागू किया जा रहा है।

# दिल्ली एवं हरियाणा में यंग एचीवर्स अवार्ड से सम्मानित होंगे समाजसेवी चंदन भगत

रिपब्लिक नेशन।

**पाकुड़।** नेशनल इंटिग्रेटेड फार्म ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिस्ट की सिल्वर जुबली कार्यक्रम में 21 से 24 सितम्बर तक आयोजित होने वाले में आयोजित होने वाले महोत्सव में जिले के हिरणपुर निवासी समाजसेवी चंदन प्रसाद भगत को यंग एचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में देश सहित विदेशों से कुल 30 हजार समाजसेवी सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में देश के 780 जिले से एक पुरुष समाजसेवी चयन हुआ है, जिसमें तीन तरह के अर्वाड श्रेणी में बाटा गया है। जानकारी के मुताबिक पहला जिला स्तर, दूसरा राज्य स्तर व तीसरा राष्ट्रीय स्तर की श्रेणी शामिल है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉरिसस के महामहिम राष्ट्रपति होंगे। देश व विदेश की बड़ी हस्तियां, केन्द्र व राज्य के केबिनेट मिनिस्टर इस कार्यक्रम में शामिल होकर युवा समाजसेवी को नेशनल अवार्डी को 50 हजार, राज्य स्तर को 10 हजार नगद के साथ मोमेंटो, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड लंदन एकसीलेंट साटिफिकेट, यंग एचीवर्स अवार्ड से सामानित करेंगे। मौके पर निफा के विभिन्न राज्य शाखा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम में निफा के राज्य शाखा व जिला के अध्यक्ष और सचिव भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। झारखंड से चयनित युवा में पाकुड़ से चंदन भगत शामिल हैं। पाकुड़ के लिए यह गौरव का पल होगा बता दें कि समाजसेवी चन्दन प्रसाद भगत वर्षों से सामाजिक कार्य करते हुए युवाओं के लिए एक ब्रांड बन गए हैं और युवा के प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने ने कई गरीबों एवं असहायों के इलाज़ में अग्रणी भूमिका निभाते हुए उनकी मदद की है। इसके अलावे कोरोना काल में लोगों के बीच निरंतर रूप से भोजन व सूखा राशन का वितरण कराया। साथ ही असहाय बच्चों की शिक्षा में भी इन्होंने काफी मदद की है। इस सम्मान को मिलने की खबर से हिरणपुर के लोगों में काफी खुशी है।



## उपायुक्त ने दिए निर्देश- क्षतिग्रस्त घरों के लाभुकों को मिलेगी राहत



**दुमका/रिपब्लिक नेशन।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में राजस्व, आंतरिक संसाधन,आपदा प्रबंधन से संबंधित बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जिले में भारी बारिश हुई है,जिससे काफी लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।निदेश दिया कि इस संबंध में पंचायत, हल्का एवं अंचल स्तर पर आवेदन प्राप्त करते हुए आवेदनों का सत्यापन नियमानुसार ढंग से किया जाय एवं लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाय।

उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र के उन सभी प्रमुख मार्गों को चिन्हित करें, जहाँ ब्लाइंड टर्न अथवा अन्य कारणों से नियमित रूप से दुर्घटनाएँ घटित होती हैं, तथा इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।बैठक में उपायुक्त ने ग्राम प्रधान द्वारा पैसा लेने के वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए जांच कमिटी गठित करने का निदेश दिया।कहा कि जांच कमिटी उक्त मामले की जांच कर रिपोर्ट समर्पित करें।उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न प्रखंडों में ग्राम प्रधान के काफी पद रिक्त हैं।निदेश दिया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए नियमानुसार ढंग से ग्राम प्रधान के रिक्त पदों को भरा जाय।इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान को दी जाने वाली राशि का भुगतान ससमय करने का भी निदेश दिया।बैठक में उपायुक्त ने अंचल अधिकारी जरमुंडी को पुलिस आवासन केंद्र हेतु जमीन चिन्हित करने का निदेश दिया है।कहा कि इस आवासन केंद्र के निर्माण हो जाने से श्रावणी मेला के दौरान ड्यूटी करने वाले पुलिस के जवानों के आवासन में परेशानी नहीं होगी।बैठक में जानकारी दी गयी कि रानेश्वर में 36 स्थानों पर आंगनबाड़ी का निर्माण किया जाना है इस हेतु 11 जगह जमीन चिन्हित कर लिया गया है।वहीं शिकारीपाड़ा में 17 स्थानों पर आंगनबाड़ी का निर्माण किया जाना है इस हेतु 15 जगह जमीन चिन्हित कर लिया गया है।निदेश दिया कि अविलंब शेष आंगनबाड़ी के लिए जमीन चिन्हित करने का कार्य किया जाय।बैठक में अपर समाहर्ता,डीसीएलआर,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,विभिन्न प्रखंडों के अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने किया पौधा संरक्षण केंद्र का उद्घाटन

**दुमका/रिपब्लिक नेशन।** मसलिया में पौधा संरक्षण केंद्र का उद्घाटन विधायक बसंत सोरेन, उपायुक्त एवं प्रशिक्षु आईएएस के द्वारा किया गया। विधायक के द्वारा पौधा संरक्षण रसायनों को हाट बाजार में कैम्प लगाकर नियमानुसार निर्धारित छिड़काव शुल्क पर वितरण करने एवं व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम मे मसलिया प्रखंड के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी /जे पी पीओ , दुमका / कार्यालय सहायक पियुष पाण्डेय/ पर्यवेक्षक/ कृषक मित्र / एटीएम / बीटीएम एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने किया प्राथमिक विद्यालय हरोरायडीह का निरीक्षण, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

**प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी- अभिजीत सिन्हा**

रिपब्लिक नेशन।

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने आज मसलिया प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हरोरायडीह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर का जायजा लिया और बच्चों से पढ़ाई-लिखाई की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।मौके पर उपायुक्त ने विद्यालय में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।कहा कि बच्चों को स्वच्छ व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में बाउंड्री वाल के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया ताकि विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों से कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थिति पंजी, नामांकन स्थिति और कक्षाओं में हो रही पढ़ाई की समीक्षा भी की। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है और हर बच्चे तक बेहतर शिक्षा पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालय की कमियों को दूर करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करें। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना हमारी साझा जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी शिक्षक एवं अधिकारी गंभीरता से कार्य करें।

# निजी स्कूलों के प्रबंधकों को बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा समिति बनाने का निर्देश

- बच्चो की सुरक्षा को प्राथमिकता दें, किसी भी स्थिति में कोई लापरवाही सहन नहीं की जायेगी - जिला शिक्षा पदाधिकारी

रिपब्लिक नेशन।

दुमकाःजिला शिक्षा पदाधिकारी ने मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना सभागार में निजी स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक की।इस दौरान उन्होंने भारती कुमारी बनाम भारत संघ के मामले में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन की चर्चा की।उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय परिसर एवं छात्रावास में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, जिसका कंट्रोल रूम विद्यालय के कार्यालय में हो। विद्यालय द्वारा संचालित बसों में महिला कर्मी प्रतिनियुक्त हो उसमें जीपीएस की सुविधा एवं टोल फ्री नंबर अंकित किया जाएं। विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा समितियां बनाई जाए। बच्चो को यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए गुड टच बैड टच के बारे में बताया जाय। इसकी चर्चा शिक्षक एवं अभिभावक बैठक में भी की जाए।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सारे निदेशों का अनुपालन एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। बच्चो की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। किसी भी स्थिति में इस पर कोई लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक चाहे निजी विद्यालय में हो या सरकारी में उनका पद प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। स्कूलों में सर्वाधिक मानव बल कार्यरत है। समाज के निर्माण में आपका महत्व पूर्ण योगदान है। इसके साथ ही आपका दायित्व है आप सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशो का अनुपालन करें। मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना एक पेड़ मां के नाम एवं ईको क्लब गठन में निजी स्कूलों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता है।

# पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता आयोजित, कुलपति ने दी हरी झंडी

- चारों जिलों से आए हुए एनएसएस स्वयंसेवकों में से 10 छात्र एवं 10 छात्राओं का हुआ चयन, 13 सितंबर को लेंगे पटना में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग
- बेहतरीन परेड के साथ ही दौड़, सांस्कृतिक परफॉर्मेंस, एनएसएस संबंधी जनरल नॉलेज आदि के आधार पर किया गया चयन

रिपब्लिक नेशन।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर- 2025 के लिए दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगुसराय जिले के विभिन्न कॉलेजों से विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता हेतु आए हुए एनएसएस के छात्र- छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे छात्र एवं छात्राएं गत वर्षों की तरह ही इस बार भी गणतंत्र दिवस परेड शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। कुलपति ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ तथा परेड हेतु विदा करते हुए छात्रों से अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत से न केवल पढ़ाई में बल्कि अन्य प्रदर्शनों में भी अपने महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा पूरे समाज का नाम रोशन करने का आ''ान किया। कुलपति ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर हेतु स्वयंसेवकों के चयन प्रक्रिया, इतिहास एवं उद्देश्यों के बारे में कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया एवं उपस्थित एनएसएस पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनका हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर ललित कला संकाय के अध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण, कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा, डॉ गीतेन्द्र ठाकुर, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ रश्मि शिखा, एनसीसी, 8 बिहार बटालियन, दरभंगा के सूबेदार जगत सिंह, नेहरु युवा केन्द्र, दरभंगा के मुकेश कुमार झा, कार्यक्रम पदाधिकारी- डॉ लक्ष्मण यादव, डॉ बिभा कुमारी, डॉ श्याम सुंदर शर्मा, डॉ अनुपम प्रिया, डॉ अमित कुमार सिन्हा, डॉ अविनाश कुमार तथा डॉ दिलीप कुमार झा सहित 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि सबसे पहले विभिन्न कॉलेजों से आए हुए स्वयंसेवकों का पंजीयन किया गया। फिर निर्धारित हाईट नाप कर उन्हें चेस्ट नंबर प्रदान किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के दौड़ के बाद सूबेदार जगत सिंह के निर्देशन में उनका परेड कराया गया। इस अवसर पर जगत सिंह ने स्वयंसेवकों को परेड के महत्व एवं बेहतरीन परेड के विभिन्न गुर सिखाते हुए चयन प्रक्रिया पूरी की। भोजन के बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों ने लोकगीत, नृत्य, गायन एवं वादन आदि प्रस्तुत किया। साथ ही उनकी एनएसएस ज्ञान की जांच भी की गई, जिसमें प्रो पुष्पम नारायण, मुकेश कुमार झा, डॉ आर एन चौरसिया, डॉ रश्मि शिखा तथा डॉ अनिल कुमार चौधरी ने निर्णायक के रूप में बेहतरीन स्वयंसेवकों के चयन में सहयोग किया।

प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में यू आर कॉलेज, रोसरा की संजना रानी- प्रथम, एमआरएम महिला कॉलेज की पूजा पासवान- द्वितीय तथा खुशबू कुमारी- तृतीय, जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर की प्रीति कुमारी- चतुर्थ, सीएम कॉलेज की पूजा कुमारी- पंचम, एमआरएम कॉलेज की सुजाता कुमारी- छठा, वूमेन्स कॉलेज, समस्तीपुर की शांभवी कुमारी- सातवां, एमएलएसएम कॉलेज की श्रुति सानिया- आठवां, सीएम कॉलेज की लक्ष्मी कुमारी- नौवां तथा के एस कॉलेज, दरभंगा की माधवी कुमारी ने दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र वर्ग में जीएमटी कॉलेज, मोहनपुर के राहुल कुमार- प्रथम, डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के डेविड कुमार- द्वितीय, मिल्लत कॉलेज के मोहम्मद तनवीर- तृतीय, जीएमआरडी कॉलेज के प्रियांशु कुमार- चतुर्थ तथा आदर्श कुमार- पंचम, सीएम कॉलेज के नीतीश कुमार- छठा, जीएमआरडी कॉलेज के रजनीश कुमार- सातवां, एमएलएसएम कॉलेज के चक्रधर कुमार झा- आठवां, जीएमआरडी कॉलेज के विशाल कुमार- नौवां तथा एमएलएसएम कॉलेज के मोहम्मद अमानुल्लाह ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

डॉ चौरसिया ने बताया कि इन चयनित स्वयंसेवकों को अपने-अपने महाविद्यालय में तथा एनसीसी, 8 बटालियन में परेड की ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें बेहतरीन परेड करने वाले छात्र-छात्रा आगामी 13 सितंबर को मगध महिला कॉलेज, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तत्पश्चात वहां से चयनित स्वयंसेवक सेंट्रल जोन प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 10 दिनों के लिए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेंगे। अंतिम रूप से चयनित स्वयंसेवक 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 के बीच दिल्ली में रहकर गणतंत्र दिवस परेड शिविर में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन करेंगे।

## डियाजियो का भारत में अपने कारोबार में विस्तार का इरादा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी शराब कंपनियों में से एक ब्रिटेन की 'डियाजियो' कंपनी धीरे-धीरे भारत में अपना विस्तार कर रही है।कंपनी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डियाजियो भारत में अपनी सहायक इकाई 'डियाजियो इंडिया' के माध्यम से कारोबार रही है और भविष्य में इसका अपने बिजनेस में विस्तार करने का इरादा है। गौरतलब है कि यह कंपनी दुनिया के 180 देशों में कारोबार कर रही है और इसने पिछले वर्ष 27 अरब डॉलर का कारोबार किया था। कंपनी भारत में तेजी से अपना विस्तार कर रही है। डियाजियो के कई फेमस ब्रांड में मैक डॉवेल्स, रॉयल चैलेंज जॉनी वॉकर सिग्नेचर, ब्लैकडॉग, ब्लैक एंड वाइट आदि हैं।कंपनी ने हाल में रॉयल चैलेंज अमेरिकन प्राइड, जॉनी वॉकर ब्लॉन्ड जैसे ब्रांड्स लॉन्च किए और कई छोटी कंपनियों को भी खरीदा है।कंपनी ने शनिवार को गुरूग्राम में रॉयल चैलेंज अमेरिकन प्राइड 'रोडियो नाइट्स' की शुरुआत की और शहर के युवाओं में जोश भर दिया। अमेरिकाना और वाइल्ड वेस्ट की भावना से प्रेरित इस कार्यक्रम में संगीत, गेम्स और नृत्य जबरदस्त संगम देखने को मिला। गुरुग्राम के सोका में आयोजित इस कार्यक्रम को खासतौर पर युवा दर्शकों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया था।

## एफपीआई ने पहले सप्ताह निकाले 9,431 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सितंबर के पहले सप्ताह में भारतीय पूंजी बाजार से 9,431 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। केंद्रीय डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने बीते सप्ताह इक्विटी में 12,257 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। डेट को छोड़कर अन्य सभी सेगमेंट में वे बिकवाल रहे। डेट में उन्होंने 3,534 करोड़ रुपये लगाये। आलोच्य सप्ताह में म्यूचुअल फंड में एफपीआई निवेश 742 करोड़ रुपये घट गया। वहीं हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट में उन्होंने 42.38 करोड़ रुपये की निकासी की। यह लगातार चौथा महीना है जब एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। इससे पहले अगस्त में उन्होंने 20,635 करोड़ रुपये, जुलाई में 5,261 करोड़ रुपये और जून में 7,769 करोड़ रुपये निकाले थे। इस साल मार्च और मई को छोड़कर शेष सभी महीने वे बिकवाल रहे हैं। पूरे कैलेंडर वर्ष में उनकी शुद्ध निकासी 51,471 करोड़ रुपये रही थी।




## गेहूं-चावल नरम; खाद्य तेलों में घटबढ़, चीनी और दालें भी सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह मंदी रही। चावल के औसत भाव गिर गये। गेहूं में भी गिरावट रही। खाद्य तेलों में घटबढ़ देखी गयी जबकि चीनी और दालों में साप्ताहिक नरमी का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 51 रुपये कम होकर सप्ताहांत पर 3,776.83 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं करीब सात रुपये सस्ता होकर 2,848.96 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,312.11 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंगफली तेल में करीब 147 रुपये और वनस्पति में 151 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक मंदी रही। सोयाबीन तेल 44 रुपये और सूरजमखी तेल 62 रुपये सस्ता हुआ। वहीं, पाम ऑयल 47 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम घट गये। चना दाल औसतन करीब 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल में 30 रुपये और दाल मूंग में 52 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। तुअर दाल भी 113 रुपये उतर गयी। मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह नरमी देखी गयी। गुड़ के औसत भाव 19 रुपये प्रति क्विंटल और चीनी के नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गये।

## इंडियन बैंक सुरक्षित वेब पोर्टल पर स्थानांतरित हुआ

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार अपनी कॉरपोरेट वेबसाइट का डोमेन बदलकर 'इंडियन बैंक डॉट बैंक डॉट इन' कर दिया है। पूरी कवायद का मकसद धोखाधड़ी के खिलाफ मजबूत सुरक्षा उपाय करना और डिजिटल बैंकिंग समाधानों में जनता का भरोसा बढ़ाना है। चेन्नई स्थित इस बैंक ने बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) के तहत यह पहल की है, जो इस डोमेन का विशेष रजिस्ट्रार है। बैंक ने एक बयान में कहा, 'बैंक डॉट इन' डोमेन विशेष रूप से बैंकों के लिए आरक्षित है और धोखाधड़ी से निपटने, साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने, डिजिटल बैंकिंग में जनता का विश्वास बढ़ाने और ग्राहकों को वास्तविक बैंकिंग वेबसाइटों की पहचान करने में मदद करता है। बयान में कहा गया कि बैंक ने ग्राहकों की सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए वेबसाइट को एक सुरक्षित डोमेन पर स्थानांतरित कर दिया है।

## स्टॉक मार्केट में रचित प्रिंट्स की बड़ी गिरावट के साथ शुरुआत, कमजोर लिस्टिंग के बाद और लुढ़का शेयर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** मैट्रेस इंडस्ट्री के लिए खास तरह के फैब्रिक तैयार करने वाली कंपनी रचित प्रिंट्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को काफी निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 149 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 119.20 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कंपनी के शेयरों के भाव में और गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे कंपनी के शेयर 114 रुपये के स्तर पर बने हुए थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 23.49 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। रचित प्रिंट्स का 19.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 1 से 3 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.97 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.25 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.74 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 13.09 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी प्लांट और मशीनरी की खरीदारी करने, पुराने कर्ज को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 32 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2.03 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 4.56 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 12 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 41.78 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।




## भारत, इजराइल इस हफ्ते द्विपक्षीय निवेश संधि पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल एक द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। ये समझौता इजराइल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच की इस हफ्ते होने वाली भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि इस हफ्ते इजराइल के वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच की यात्रा के दौरान भारत और इजराइल आपस में एक द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की नींव भी रख सकते हैं। जानकारी के मुताबिक बेजेल स्मोट्रिच इस हफ्ते 8 से 10 सितंबर तक भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, इजराइली वित्त मंत्री मुंबई और गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी का भी दौरा करेंगे।



## ऑडी ने 7.8 लाख रुपये तक घटाये वाहनों के दाम, नई कीमतें 22 सितंबर से होगीं लागू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी इंडिया ने सोमवार को भारत में अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक कटौती का ऐलान किया है। नई कीमतें नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से लागू होगीं। ऑडी इंडिया ने एक बयान में कहा कि जीएसटी की दरों में बदलाव के बाद उसने अपने सभी उत्पाद पोर्टफोलियो की कीमतों में संशोधन किया है, ताकि ऑटोमोबाइल पर जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके। अब ग्राहकों को मॉडल के आधार पर 2.6 लाख रुपये से लेकर 7.8 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा। कंपनी के मुताबिक नई कीमतों के तहत कंपनी की एंट्री-लेवल एसयूवी क्यू3 की शुरुआती कीमत 43.07 लाख रुपये हो जाएगी, जो पहले 46.14 लाख रुपये थी। इसी तरह टॉप-एंड एसयूवी क?यू8 की शुरुआती कीमत 1.18 करोड़ रुपये से घटकर अब 1.1 करोड़ रुपये हो जाएगी। इसके अलावा एसयूवी क्यू5 और क्यू7 जैसे अन्य मॉडलों के साथ-साथ सेडान ए4 और ए6 की कीमतों में भी कमी की गई है। कंपनी ने कहा कि संशोधित कीमतें लागू होने के बाद ऑडी की लक्जरी कारों और एसयूवी रेंज को और अधिक सुलभ बनाएगी, जिससे त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों की मांग में तेजी आएगी। ग्राहक अपनी पसंदीदा कार की सटीक कीमत जानने के लिए ऑडी इंडिया के नजदीकी डीलरशिप पर जा सकते हैं या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।



## अगस्त में सुस्त रही वाहनों की खुदरा बिक्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** त्योहारी मौसम और जीएसटी में राहत के इंतजार में अगस्त में ग्राहकों ने अपनी खरीद टाल दी जिससे वाहनों की खुदरा बिक्री में सुस्ती देखी गयी।

वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री अगस्त 2024 के मुकाबले मात्र 0.93 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री 3,23,256 इकाई रही। दुपहिया वाहनों में भी 2.18 फीसदी की मामूली तेजी देखी गयी और कुल 13,73,775 वाहन बिके। वाहनों की कुल बिक्री 2.84 फीसदी बढ़कर 19,64,547 इकाई रही।

फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विघ्नेश्वर बताया कि 15 अगस्त को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी खरीद टाल दी। हालांकि डीलरों के पास पूछताछ काफी आयी, लेकिन वह बिक्री में पूरी तरह से नहीं बदल सकी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि 22 सितंबर को जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक खरीद करेंगे। अगस्त में तिपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 2.26 प्रतिशत घट गयी। वहीं, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 8.55 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी। अच्छे मानसून के कारण ट्रैक्टरों की बिक्री में 30.14 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया।

फाडा का कहना है कि निकट भविष्य में सितंबर में त्योहारी मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। अच्छी विकास दर, कम मुद्रास्फीति और अर्थव्यवस्था में स्थिरता मांग को गति प्रदान कर रही है। उसने बताया कि जीएसटी सुधार वाहन उद्योग के लिए गेम चेंजर साबित होंगे।

उसने कहा कि सितंबर में दो तरह की तस्वीरें देखने को मिलेंगी। जीएसटी सुधारों के लागू होने से पहले खरीद में सुस्ती रहेगी जबकि 22 सितंबर से इसमें जबरदस्त तेजी आयेगी।



## सर्राफा बाजार में नई ऊंचाई पर सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण सोना ने आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर अपनी जगह बना ली है। बाजार में आई तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 1.08 लाख रुपये के स्तर को पार कर गया है, वहीं 22 कैरेट सोना 1 लाख रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। सोने की तरह ही चांदी भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है।कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज प्रति 10 ग्राम 1,08,460 रुपये से लेकर 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 99,350 रुपये से लेकर 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,08,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 99,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,08,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,08,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 99,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,08,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 99,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,08,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,08,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## इजराइली वित्त मंत्री स्मोट्रिच की भारत यात्रा, आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इजराइल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान उनका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करना है। श्री स्मोट्रिच अपने भारतीय समकक्ष और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे।

**द्विपक्षीय निवेश संधि पर होगी बात**

इस यात्रा का एक प्रमुख एजेंडा दोनों देशों के बीच लंबित द्विपक्षीय निवेश संधि को जल्द से जल्द अंतिम रूप देना है। यह संधि दोनों देशों के निवेशकों को एक सुरक्षित और स्थिर कानूनी ढांचा प्रदान करेगी, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा। दोनों ही पक्ष इस संधि पर जल्द हस्ताक्षर करने को लेकर उत्साहित हैं।

**तकनीक और व्यापार में सहयोग**

स्मोट्रिच की इस यात्रा के दौरान केवल निवेश ही नहीं, बल्कि तकनीक, रक्षा, कृषि और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। इस यात्रा को दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## एससीओ व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर आगाह किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। वाणिज?य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि भारत ने छह सितंबर को व्लादिवोस्तोक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का प्रतिनिधित्व करते हुए वाणिज्य विभाग के अपर सचिव अमिताभ कुमार ने बैठक में विश्व व्यापार संगठन (डबल्यूटीओ) को केंद्र में रखते हुए एक खुली, निष्पक्ष, समावेशी और भेदभाव रहित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया। भारत ने यह भी कहा कि व्यापार से जुड़े जलवायु उपायों के चलते अनुचित भेदभाव नहीं होना चाहिए।

मंत्रालय के मुताबिक भारत ने अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करके और व्यापार सुविधा के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाकर लगातार व्यापार घाटे को दूर करने का भी आह्वान किया। ये टिप्पणियां इसलिए अहम हैं, क्योंकि भारत के वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को चीन के दुर्लभ पृथ्वी चुम्बक और उर्वरक पर निर्यात प्रतिबंधों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ा है। चीन भी इस संगठन का सदस्य है।

एससीओ व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर आगाह किया।



## हीरो मोटोकॉर्प ने हर्षवर्द्धन चितले को सीईओ नियुक्त किया, पांच जनवरी को संभालेंगे कार्यभार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने हर्षवर्धन चितले को अपना अगला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वे 5 जनवरी 2026 को अपना पदभार संभालेंगे। हीरो मोटोकॉर्प ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद हर्षवर्धन चितले को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है। चितले के पास पिछले 3 दशकों से अधिक समय तक वैश्विक नेतृत्व करने का अनुभव है। उनका कार्यकाल 5 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगा। कंपनी ने बताया कि चितले के सीईओ का पद संभालने के बाद विक्रम कस्बेकर कार्यवाहक सीईओ का पद छोड़ देंगे। चितले ने सिग्निफाई के प्रकाश समाधानों के व्यवसाय के वैश्विक सीईओ के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने 70 देशों में 12,000 कर्मचारियों का नेतृत्व किया। उनके पास औद्योगिक स्वचालन, प्रकाश व्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और डिजिटल परिवर्तन में गहरी विशेषज्ञता है। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी चेयरमैन पवन मुंजाल ने एक बयान में कहा, वृद्धि को गति देने, नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व करने में हर्षवर्धन चितले का उत्कृष्ट रिकॉर्ड उन्हें इस महत्वपूर्ण क्षण में हीरो मोटोकॉर्प के लिए आदर्श नेता बनाता है। हीरो मोटोकॉर्प ने हर्षवर्धन चितले की नियुक्ति ऐसे समय में की है, जब कंपनी ने अगस्त महीने में भारत में दोपहिया वाहनों की बिक्री में शीर्ष स्थान जापान की होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के हाथों खो दिया है।



## राजस्थान सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा के लिए आरवीयूएनएल को भूमि आवंटित की

**नई दिल्ली।** स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान सरकार ने जैसलमेर और बीकानेर जिलों में बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा आधारित पार्कों की स्थापना के लिए राजस्थान बिजली उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) को भूमि आवंटित की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि जैसलमेर में 26,400 मेगावाट (मेगावाट) की संयुक्त क्षमता वाले विभिन्न सौर पार्कों के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है।इसी तरह बीकानेर में 5,200 मेगावाट क्षमता वाले सौर पार्कों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। राज्य के टिकाऊ विकास और ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्यों के अनुरूप, ये मंजूरियां नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान की स्थिति को मजबूत करेंगी। शर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल राजस्थान को स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनाएगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।



## साप्ताहिक शेयर समीक्षा- अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सकारात्मक संकेतों के सपोर्ट से बढ़त के साथ बंद हुआ स्टॉक मार्केट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जीएसटी सिस्टम में किए गए सुधार, घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी और अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेतों के कारण पिछले सप्ताह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। शुक्रवार 05 सितंबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 901.11 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,710.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 314.15 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,741 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार में 1.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्विगी, टीवीएस मोटर कंपनी, जिंदल स्टील और आयशर मोटर्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। इसी तरह बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1 सितंबर से 5 सितंबर के कारोबार के बाद 2 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल रेल विकास निगम ब्रेनबीज सॉल्यूशंस और एनएमडीसी के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। पिछले सप्ताह के कारोबार में बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स सबसे अधिक 2.5 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल वन मोबिक्विक सिस्टम्स, अतुल ऑटो, नेट वेब टेक्नोलॉजीज इंडिया, गुजरात मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, जाइडस वेलनेस, विमता लैब्स, जय कॉर्प, रेटगेन ट्रैवल टेक्नोलॉजीज और हेमिस्फेयर प्रॉपर्टीज इंडिया के शेयर 20 से लेकर 39 प्रतिशत तक की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में बीएसई का मेटल इंडेक्स 6 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। इसी तरह भी बीएसई का ऑटोमोबाइल इंडेक्स 5.2 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इसके अलावा बीएसई का कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स 3.6 प्रतिशत की साप्ताहिक उछाल के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, बीएसई का आईटी इंडेक्स 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। स्टॉक मार्केट में इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के परफॉर्मेंस की बात करें, तो पिछले सप्ताह भी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बिकवाली जारी रखी। लगातार 10वें सप्ताह बिकवाली करते हुए विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में पूरे सप्ताह के दौरान 5,666.90 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लगातार 21वें सप्ताह खरीदार (बायर) की भूमिका में बने रहे। इस सप्ताह घरेलू संस्थागत निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में कुल 13,444.09 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।

